सुविचार

सही फैसला लेना काबिलियत नही है, फैसला लेकर उसे सही साबित करना काबिलियत है।

साप्ताहिक

# युवा प्रदेश

Freedom Of Speech

RNI.NO. MPHIN/2015/76299

संपादक-नागेश नरवरिया

वर्ष 7, अंक-37 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 21 अक्टूबर 2022 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 2 रुपये

Mother's Basket
Kitchen Herbs & Spices
Swad jo pahuche dil tak

## जन आवाज मंच सागर जिले में महारानी लक्ष्मी बाई उच्चतर माध्यमिक कन्या शाला को बचाने हेतु 1 दिन का सत्याग्रह।

**युवा प्रदेश ❑ सागर**

रविंद्र भवन के पास सागर जिले में महारानी लक्ष्मी बाई उच्चतर माध्यमिक कन्या शाला को बचाने हेतु साथ ही सीएम राइस स्कूल को कहीं और स्थापित करने को लेकर 1 दिन का जो सत्ता ग्रह आयोजित किया गया था उस सत्याग्रह आयोजन मैं जन आवाज मंच के भोपाल कार्यालय प्रभारी एवं किसान संघर्ष समिति से जिला अध्यक्ष अभिनय श्रीवास ने मंच साझा करते हुए मौजूदा सरकार को इस निर्णय को बदलने के लिए दबाव देते हुए कहा अगर यह निर्णय नहीं बदला गया तो किसान आंदोलन की तरह इस आंदोलन को चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा जिस तरह दिल्ली में संयुक्त किसान मोर्चा ने 13 महीने के बाद तीन काले कानून सरकार को वापस लेने पर मजबूर कर दिया था उसी तर्ज पर सागर जिले के तमाम नागरिक एक बड़ा आंदोलन खड़ा कर इस आंदोलन को तब तक चल आएगा जब तक यह निर्णय बदल नहीं जाता है जबकि मौजूदा सरकार ने ग्राम कनेरा देव मैं ही संभागीय मुख्यालय कि सी एम एस स्कूल का जो सर्वे हुआ था वहां नहीं बनाना है तो कहीं और सर्वे कर इस स्कूल को बनाया जाए यह सागर जिले की धरोहर होने के साथ-साथ एक वीरांगना के नाम पर सागर की सबसे पुरानी स्कूलों में से एक है जो शहरों के बीचो-बीच है जहां हमारी बच्चियां बहने पूर्ण तरह सुरक्षित हैं इस मद्देनजर से भी इस कन्या साला को किसी




भी जगह हटाने नहीं दिया जाएगा जहां एक ओर सरकार बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ का नारा देती है वही इस स्कूल को खत्म कर देना दोहरा चरित्र उजागर करती है इस सप्ताह ग्रह में जन आवाज मंच के बाकी साथी भी उपस्थित रहे मोहम्मद शाकिर हुसैन नारायण धन सिंह लोधी गोविंद विवेक अमित राठौर अन्य साथी सम्मिलित रहे


## स्थाई शिक्षक भर्ती में, चयनित नामों की पुनरावृत्ति रोकने पात्र अभ्यर्थियों ने किया प्रदर्शन।

**युवा प्रदेश ❑ भोपाल**

गुरुवार को लोक शिक्षण संचालनालय के सामने शिक्षक पात्रता परीक्षा के अभ्यर्थियों द्वारा शिक्षक भर्ती 2018 को पूर्ण कराने के लिए प्रदर्शन किया गया साथ ही साथ स्कूल शिक्षा मंत्री, जनजातीय मंत्री, आयुक्त महोदय एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन पत्र सौंपा गया।


### निम्न मांगों को लेकर किया गया प्रदर्शन

1. चयन सूचियों में नामों की पुनरावृत्ति ना हो अथवा जो अभ्यर्थी दोनों विभागों में से किसी भी एक विभाग में एक बार नियुक्ति ले चुका है तब उस सदस्य का नाम पुनः दूसरी सूची में सम्मिलित ना किया जाए
2. प्रथम चरण के शेष 8530 उच्च माध्यमिक शिक्षक के 6530 और माध्यामिक शिक्षक के 2000 पदों पर और इनमे EWS संवर्ग के उच्च माध्यमिक शिक्षक के शेष 1039 पदो पर शीघ्र अति शीघ्र चयन सूची जारी हों !
3. माध्यमिक शिक्षक भर्ती के प्रथम चरण के उपेक्षित विषयों प्रमुख रूप से विज्ञान,सामाजिक विज्ञान एवं मातृभाषा हिंदी के रिक्त पदों में वृद्धि की जाए !
4. उच्च माध्यमिक शिक्षक भर्ती में हिंद,संस्कृत,कृषि राजनीति भूगोल,आदि विषयों के रिक्त पदों में वृद्धि की जाए !


जो अभ्यर्थी दोनों विभागों में किसी भी विभाग में एक बार नियुक्ति ले चुका है तब उस सदस्य का नाम पुनः दूसरी सूची में शामिल न किया जाये।
2. प्रथम चरण के शेष रिक्त पदों पर चयन एवं प्रतीक्षा सूची शीघ्र जारी कर पात्र अभ्यर्थियों को नियुक्ति प्रदान करने की कृपा करें।
3. दोनों विभागों की संयुक्त काउंसिलिंग चल रही है इसलिए चयन एवं प्रतीक्षा सूची में नामों की पुनरावृत्ति न की जाये।
4. विज्ञान, सामाजिक विज्ञान एवं मातृभाषा हिन्दी के रिक्त पदों में वृद्धि करने की कृपा करें।
5. प्रतीक्षा सूची में 100 प्रतिशत अभ्यर्थियों को शामिल करने की कृपा करें।

भवदीय
समस्त शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यार्थी

दिनांक
स्थान


(ग) प्रतीक्षा सूची में 100 प्रतिशत अभ्यर्थियों को शामिल किया जाये।
(घ) चयनित सूची एवं प्रतीक्षा सूची में नामों की पुनरावृत्ति न की जाये।
यदि स्कूल शिक्षा विभाग तथा जनजातीय कार्य विभाग हमारी मांगों को नहीं मानता है और पद भार ग्रहण कर चुके अभ्यार्थियों के नामों की पुनरावृत्ति होती है, तो पुनः आन्दोलन करने के लिए मजबूर होंगे। जिसकी जिम्मेदारी स्कूल शिक्षा विभाग एवं मध्यप्रदेश शासन की होगी।

दिनांक- 20/10/2022
स्थान- भोपाल

भवदीय
शिक्षक पात्रता परीक्षा 2018
उत्तीर्ण अभ्यार्थी
(म.प्र.)

5. शिक्षक भर्ती के द्वितीय चरण में प्रतीक्षा सूची में चयन सूची के 100% सदस्यों को सम्मिलित किया जाए !
6. शिक्षक भर्ती को 2018-19 की शैक्षणिक योग्यता के अनुसार ही पूर्ण किया जाए !

पात्र अभ्यार्थी रंजीत गौर,संजय रघुवंशी,ज्ञान सिंह,छाया रामटेके,रविंद्र खांडेकर,रागनी जैन,प्रतीक दुबे सहित अन्य अभ्यर्थियों ने बतलाया कि शिक्षक भर्ती 2018 से चल रही है आज तक पूर्ण नहीं हुई है अभी भी प्रथम चरण के हजारों पद रिक्त हैं उन पर नियुक्ति पत्र जारी करते हुए शिक्षक भर्ती पूर्ण किया जाए !

## सार्वजनिक स्थानो पर अश्लीलता वाली सामग्री को प्रकाशित करना कब अपराध की श्रेणी में आएगा जानिए/legal advice......

वर्तमान समय की अगर हम बात करे तो बहुत से विज्ञापन जो मानहानिकारक होते हैं हमे सार्वजनिक स्थानों जैसे दीवारों पर, ञङ्क चैनल में, समाचार पत्रों में या किसी पोस्टर(पम्पलेट) आदि बसों इत्यादि में छपे या बने हुए मिलते हैं जिसे देखकर ऐसा लगता है की इन विज्ञापनों के कारण हमें या अन्य व्यक्ति को मान सम्मान की ठेस उत्पन्न होगी तब इसके विरुद्ध कोई भी व्यक्ति मानहानि का अपराध दर्ज करवा सकते हैं जानिए।

**भारतीय दण्ड संहिता,1860 की धारा 501 एवं 502 की परिभाषा?**

1. **धारा 501-** जो कोई व्यक्ति ऐसी बातों को सार्वजनिक तौर पर प्रकाशित करेगा जिससे व्यक्ति के मान सम्मान में ठेस पहुँचती हैं तब यह मानहानि का अपराध होगा। जैसे कि दीवार या अन्य सार्वजनिक स्थानों पर आपत्तिजनक टिप्पणी लिखना आदि।
2. **धारा 502-** जो कोई व्यक्ति ऐसी सामग्री का विज्ञापन छापेगा या बेचेगा या दीवारों चिपकायेगा या



समाचार पत्र या न्यूज चैनलों के मध्य से मानहानिकारक सामग्री को बेचेगा तब यह धारा 502 के अंतर्गत मानहानि का अपराध होगा।

कुल मिलाकर दोनो धारा मानहानिकारक बातें एवं सामग्री को जानबूझकर कर सार्वजनिक करने वाले व्यक्ति को दोषी मानती है वर्तमान समय में बहुत से न्यूज वेबसाइट या चैनल, समाचार पत्रों या सार्वजनिक दीवारों, बाउंडडरीयो या बसों में ऐसे विज्ञापन देखने को मिलते हैं।

**?? लेखिका श्रीमती ज्योति सिंह चौहान(महिला सामाजिक कार्यकर्ता एवं जिला ब्यूरो चीफ युवा प्रदेश अलीगढ़ उत्तर प्रदेश)।**

## नाबालिग बालको को दंगा या उग्र आंदोलन के शामिल करना कितना गंभीर अपराध होगा जानिए/JJ Act,2015....।

बहुत से ऐसे उग्र आंदोलन होते हैं जिनमे बहुत से लोग 18 वर्ष से कम उम्र के लड़को को शामिल कर लेते हैं कुछ राजनीतिक दल भी होते हैं जो अपनी वाह वाही एवं जनता अधिक दिखे इसके लिए बच्चों का सहारा लेते हैं लेकिन वह यह नहीं जानते कि नाबालिग बच्चों को किसी भी प्रकार ले समूह में शामिल करना अपराध होता है जानिए।



**किशोर न्याय(बालको की देख रेख एवं संरक्षण) अधिनियम,2015 की धारा 83 की परिभाषा?**

1. कोई भी गैर मान्यता प्राप्त उग्र समूह या पार्टी (दल) किसी बालक को आंदोलन करने के लिए भर्ती करता है या उसका उपयोग करता है तब ऐसे दल का उग्र समूह पर पाँच लाख रुपये जुर्माना एवं दल के प्रत्येक प्रतिनिधि को सात वर्ष की कारावास से दण्डित किया जाएगा।
2. कोई भी वयस्क व्यक्ति अन्य बिना उग्र समूह किसी बालक को अपनी गैंग में अवैध कार्य करवाने के लिए शामिल मात्र करेगा तब ऐसे व्यक्ति को अधिकतम सात वर्ष की कारावास एवं पांच लाख रुपए के जुर्माने से दण्डित किया जाएगा।

**विशेष नोट-** यह धारा उन गैर राजनीतिक समूह पर लागू होती जिनका उद्देश्य हिंसा एवं उग्रता फैलाना है एवं भीड़ को दिखाने के लिए छोटे छोटे बालको को अपने साथ समूह एवं दल में शामिल कर लेते हैं।

**?? कानूनी जानकार लेखिका रागिनी सिंह इंदौर मोबाईल-- 8349039543**

## भोपाल में दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत प्लेसमेंट माध्यम से रोजगार कार्यक्रम आयोजित किए गए

**युवा प्रदेश ❑ भोपाल**

दिनांक 20/10/2022 को भोपाल में दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के घटक कौशल प्रशिक्षण प्लेसमेंट के माध्यम से रोजगार कार्यक्रम अंतर्गत नगर पालिक निगम भोपाल द्वारा आयोजित प्रॉपर्टी एक्सपो में संस्था अक्षर एसोसिएशन फॉर वेलफेयर एंड रिसर्च एवं स्मार्ट स्केल एंड बिट्स एवं अंचल टेक्नोवेशन प्राइवेट लिमिटेड एवं साई ब्यूटी हेल्थ केयर एवं पारदर्शी स्किल डेवलपमेंट की संस्थाओं के हितग्राहियों ने भाग लिया व प्रशिक्षण उपरांत



हितग्राहियों को प्रमाणपत्र एवम रोजगार के हेतू प्लेसमेंट लेटर प्रदाय किए गए, इस अवसर पर कार्यक्रम में भोपाल की माननीय महापौर श्रीमती मालती राय जी, भोपाल गोविंदपुरा की विधायक श्रीमती कृष्णा गौर जी, नगर निगम के एमआईसी सदस्य गण, नगर निगम जोनल अध्यक्ष, पार्षद-गण, वरिष्ठ अधिकारियों में भोपाल नगर निगम कमिश्नर महोदय के.वी.एस.चौधरी सर, आईएएस श्रीमती रितु बाफना मेडम तथा सिटी मिशन मेनेजर श्री दुर्गेश तिवारी सर, शिव तोमर सर, श्रीमति रूपाली सक्सेना मेडम,मिश्राजी उपस्थित रहे।

## माता सवित्री बाई फुले देश की पहली महिला शिक्षिका जिन पर लोगो ने बरसाय थे कीचड़ -पत्थर

**कालीचरण भारतीय ❑ छतरपुर**

शिक्षा महाराष्ट्र के सतारा जिले के नयागांव में एक दलित परिवार में 3 जनवरी 1831 को जन्मी सावित्रीबाई फुले भारत की पहली महिला शिक्षिका थी। इनके पिता का नाम खन्दोजी नैवेसे और माता का नाम लक्ष्मी था। सावित्रीबाई फुले शिक्षिका होने के साथ भारत के नारी मुक्ति आंदोलन की पहली नेता, समाज सुधारक और मराठी कवयित्री भी थी। इन्हें बालिकाओं को शिक्षित करने के लिए समाज का कड़ा विरोध झेलना पड़ा था। कई बार तो ऐसा भी हुआ जब इन्हें समाज के ठेकेदारों से पत्थर भी खाने पड़े।

**नौ साल की उम्र मे हो गया था विवाह:** सावित्रीबाई का विवाह बहुत ही छोटी उम्र में हो गया था। उनका विवाह महज नौ साल की उम्र में वर्ष 1940 में ज्योतिराव फुले से हो गया। शादी के बाद वह जल्द ही अपने पति के साथ पुणे आ गईं। विवाह के समय वह पढ़ी-लिखी नहीं थीं। लेकिन पढ़ाई में उनका मन बहुत लगता था। उनके पढ़ने और सीखने की लगन से प्रभावित होकर उनके पति ने उन्हें आगे पढ़ना और लिखना सिखाया। सावित्रीबाई ने अहमदनगर और पुणे में शिक्षिका बनने का प्रशिक्षण लिया और एक योग्य शिक्षिका बनीं।

**9 छात्राओं के लिए पहले स्कूल की स्थापना की:** सावित्रीबाई ने 3 जनवरी 1848 में पुणे में अपने पति के साथ मिलकर विभिन्न जातियों की नौ छात्राओं के साथ महिलाओं के लिए पहले स्कूल की स्थापना की। एक वर्ष में सावित्रीबाई और महात्मा फुले पांच नये विद्यालय खोलने में सफल हुए। तत्कालीन सरकार ने इन्हे सम्मानित भी किया। एक महिला प्रिंसिपल के लिये सन् 1848 में बालिका विद्यालय चलाना कितना मुश्किल रहा होगा, इसकी कल्पना शायद आज भी नहीं की जा सकती। लड़कियों की शिक्षा पर उस समय सामाजिक पाबंदी थी। सावित्रीबाई फुले उस दौर में न सिर्फ खुद पढ़ीं, बल्कि दूसरी लड़कियों के पढ़ने का भी बंदोबस्त किया।

**लोग पत्थर मारते और गंदगी फेकतें:** भारत में आजादी से पहले समाज के अंदर छुआ-छूत, सतीप्रथा, बाल-विवाह और विधवा-




विवाह जैसी कुरीतियां व्याप्त थी। सावित्रीबाई फुले का जीवन बेहद ही मुश्किलों भरा रहा। दलित महिलाओं के उत्थान के लिए काम करने, छुआछूत के खिलाफ आवाज उठाने के कारण उन्हें एक बड़े वर्ग द्वारा विरोध भी झेलना पड़ा। वह स्कूल जाती थीं, तो उनके विरोधी उन्हें पत्थर मारते और उनपर गंदगी फेंकते थे। सावित्रीबाई एक साड़ी अपने थैले में लेकर चलती थीं और स्कूल पहुंच कर गंदी हुई साड़ी बदल लेती थीं। आज से एक सदी पहले जब लड़कियों की शिक्षा एक अभिशाप मानी जाती थी उस दौरान उन्होंने महाराष्ट्र की सांस्कृतिक राजधानी पुणे में पहला बालिका विद्यालय खोल पूरे देश में एक नई पहल की शुरुआत की।

**समाज में महिलाओं को हक दिलाना था उनका लक्ष्य:** देश में विधवाओं की दुर्दशा भी सावित्रीबाई को बहुत दुख पहुंचाती थी। इसलिए 1854 में उन्होंने विधवाओं के लिए एक आश्रय खोला। वर्षों के निरंतर सुधार के बाद 1864 में इसे एक बड़े आश्रय में बदलने में सफल रहीं। उनके इस आश्रय गृह में निराश्रित महिलाओं, विधवाओं और उन बाल बहुओं को जगह मिलने लगी जिनको उनके परिवार वालों ने छोड़ दिया था। सावित्रीबाई उन सभी को पढ़ाती लिखाती थीं। उन्होंने इस संस्था में आश्रित एक विधवा के बेटे यशवंतराव को भी गोद लिया था। उस समय आम गांवों में कुंए पर पानी लेने के लिए दलितों और नीच जाति के लोगों का जाना वर्जित था। यह बात उन्हें और उनके पति को बहुत परेशान करती थी। इसलिए उन्होंने अपने पति के साथ मिलकर एक कुआं खोदा ताकि वह लोग भी आसानी से पानी ले सकें। उनके इस कदम का उस समय खूब विरोध भी हुआ।

**अपने पति का किया अंतिम संस्कार, खुद का प्लेग से निधन:** सावित्रीबाई के पति ज्योतिराव का निधन 1890 में हो गया। उस समय उन्होंने सभी सामाजिक मानदंडों को पीछे छोड़ते हुए उन्होंने अपने पति का अंतिम संस्कार किया और उनकी चिता को अग्नि दी। इसके करीब सात साल बाद जब 1897 में पूरे महाराष्ट्र में प्लेग की बीमारी फैला तो वे प्रभावित क्षेत्रों में लोगों की मदद करने निकल पड़ी, इस दौरान वे खुद भी प्लेग की शिकार हो गई और 10 मार्च 1897 को उन्होंने अंतिम सांस ली।


## अनिल रवि बने जोंन प्रभारी ग्वालियर बसपा

कालीचरण भारती



**भोपाल।** बहुजन समाज पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा बुंदेलखंड क्षेत्र के चर्चित युवा नेता माननीय अनिल रवि जी को जॉन प्रभारी ग्वालियर बसपा बनाये गये जिसमे बसपा मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव मे बड़ी जिम्मेदारी को देखते हुए अनिल रवी बुंदेलखंड के टीकमगढ़ जिले से बसपा का कारवा आगे बड़ाते रहे ओर उन्हे अलग अलग जिम्मेदारी मिलती रही लेकिन मध्यप्रदेश प्रदेश अध्यक्ष बसपा इंजी.रमाकांत पिप्पल जी ने बसपा मे लगातार काम आगे बड़े मध्य प्रदेश की सरकार बनाने पर जोर दिया जा रहा है सेक्टर बाय काम न करने पर निष्क्रिय नेताओ को पद से हटाया जा रहा है जो सक्रिय नेता है उन्हे आगे मौका दिया जा रहा है । माननीय रमाकांत पिप्पल जी बसपा के बड़े पदाधिकारियों के आदेशानुसार काम को आगे ले जा रहे है । अनिल रवी जी को जिला ग्वालियर से जोंन प्रभारी बनाये जाने पर उनके करीबी मित्रो एवं बसपा सिपाहियों द्वारा बधाई देने टांका लगा हुआ है।।

## आखिर विधायक निधि कौन डकार गया।




**छतरपुर।** नगर परिषद खजुराहो अंतर्गत ग्राम खरोंही वार्ड न.04 अनुसूचित जाति वार्ड में विधायक निधि से 3 लाख रुपये स्वीकृत हुए थे 21/07/18 को माननीय विधायक जी ने स्वीकृत किया था लेकिन आज तक ग्राम खरोंही में नगर परिषद ने काम चालु नही कर पाई है जिससे ग्रामीणों ने आरोप लगाया है नगर परिषद ने अधिकारी ने राशि को हड़प गये है । अनुसूचित जाति के लोगों ने पिछ्ली विधानसभा सभा चुनाव में मांग की थी हमारी यहां सांस्कृतिक भवन जरूरत है माननीय विधायक विक्रम सिंह ( नाती राजा) जी द्वारा तुरंत चुनावी हालत देखते हुए 3 लाख स्वीकृत कर दिये थे ..निर्माण एजेंसी नगर परिषद खजुराहो को बनाया गया था उक्त निर्माण एजेंसी द्वारा आज तक काम नहीं करवाएगा जिससे आगामी विधानसभा चुनाव में ग्रामीणों में भारी आक्रोश एवं नाराजगी देखी जा रही है।

## भारतीय प्रशासनिक सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारियों का प्रशिक्षण संपन्न

**भोपाल।** मंत्रालय में आज भारतीय प्रशासनिक सेवा-2021 बैच के परिवीक्षाधीन अधिकारियों को सामान्य प्रशासन विभाग से संबंधित नियमों पर प्रशिक्षण दिया गया। इसमें आई.टी. का उपयोग पर श्रीमती सुचेता काक, कार्मिक संबंधित विषयों पर श्री जितेन्द्र चौहान, पदों पर भर्ती एवं आरक्षण पर श्रीमती शैलबाला मार्टिन, अधीक्षक एवं प्रोटोकॉल पर श्री मेहताप सिंह सामान्य प्रशासन विभाग में आने वाले संगठनों पर श्रीमती रंजना पाटने, नस्तियों का संचालन पर श्रीमती माधवी नागेन्द्र ने एवं केबिनेट की बैठकें विषय पर श्री विजय राज ने प्रशिक्षुओं को जानकारी प्रदान की। प्रशिक्षुओं को केबिनेट कक्ष का भ्रमण भी कराया गया। अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन श्री विनोद कुमार ने प्रशिक्षुओं को मार्ग-दर्शन एवं उद्बोधन दिया।





# दिनांक 19,अक्टूबर 2022 को भोपाल EXPO को मेले का आयोजन मोतीलाल नेहरू ग्राउंड में किया गया

**युवा प्रदेश ❑ भोपाल**

दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के घटक कौशल प्रशिक्षण प्लेसमेंट के माध्यम से रोजगार कार्यक्रम अंतर्गत नगर पालिक निगम भोपाल द्वारा सर्टिफिकेट ऑफर लेटर दिए गए जिसमें संस्था अंचल टेक्नोवेशन प्राइवेट लिमिटेड एवं संस्था साईं ब्यूटी हेल्थ केयर के बच्चों को सर्टिफिकेट एवं रोजगार ऑफर लेटर दिए गए प्र,शिक्षण प्रदाता संस्थाओं को वितरण मंच के माध्यम से सर्टिफिकेट वितरण किए गए जिसमें माननीय मंत्री कैलाश विश्वास सारंग जी एवं माननीय महापौर मालती राय जी एवं नगर निगम कमिश्नर सर एवं नगर निगम एडिशनल कमिश्नर सर एवं जोन अध्यक्ष जी एवं पार्षद जी के द्वारा सर्टिफिकेट वितरण किए गए एवं ऑफर लेटर भी वितरण किए गए।

# निवेश के लिए आइडियल स्टेट है मध्यप्रदेश: मुख्यमंत्री श्री चौहान





**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मध्यप्रदेश निवेश के लिए आइडियल स्टेट है, जिसमें उद्योग स्थापित करने सकारात्मक वातावरण उपलब्ध है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने दिल्ली में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के कर्टेन रेजर और राजदूत गोलमेज के दौरान यह बात कही। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने सहभागी राष्ट्रों को उनके राजदूत और दूतावास के अधिकारियों के माध्यम से 7 से 9 जनवरी 2023 तक इंदौर में होने वाले प्रवासी भारतीय सम्मेलन और 11-12 जनवरी 2023 को इंदौर में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 में सहभागिता और प्रदेश में निवेश के लिए भी आमंत्रित किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री चौहान ने एक इन्वेस्ट मध्यप्रदेश पोर्टल का अनावरण भी किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि वसुधैव कुटुंबकम की अवधारणा के साथ 5 हजार साल के ज्ञात इतिहास में भारत ने सारी दुनिया को एक परिवार माना है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व कल्याण में भारत अपना योगदान दे रहा है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने उपस्थित राजनयिकों को प्रदेश के औद्योगिक परिदृश्य संबंधी जानकारी देते हुए बताया कि मध्यप्रदेश में शरबती गेहूँ और बासमती चावल जैसा गुणवत्तापूर्ण कृषि उत्पादन होता है। मध्यप्रदेश सर्वाधिक जैविक खेती वाला प्रदेश है, जो अब प्राकृतिक खेती की तरफ बढ़ रहा है। प्रदेश में खाद्य प्र-संस्करण की अपार संभावनाएँ हैं। उन्होंने बताया कि कोविड महामारी के दौरान मध्यप्रदेश में निर्मित दवाइयाँ कई देशों में भेजी गई थी। प्रदेश में वस्त्र और रेडीमेड गारमेंट, माइनिंग, आईटी और पर्यटन क्षेत्र में काफी संभावनाएँ हैं और प्रत्येक सेक्टर के लिए मध्यप्रदेश ने एक अलग नीति बनाई है। प्रदेश में 1 लाख 22 हज़ार एकड़ का लैंड बैंक उपलब्ध है, जिसका त्वरित आवंटन किया जाता है। मध्यप्रदेश में परिवहन और ऊर्जा अधो-संरचना का उत्तम विकास हुआ है। मध्यप्रदेश में श्रम कानून में सुधार लाया गया है। निवेश प्रक्रिया के सरलीकरण के लिए एकल खिड़की व्यवस्था स्थापित की गई है। औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री श्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव ने कहा कि मध्यप्रदेश में इन्वेस्टर फ्रेंडली नीतियाँ है। प्रदेश में सभी सहभागी राष्ट्रों के लिए फार्मा, ऑटोमोबाइल, सेमीकंडक्टर और रक्षा जैसे क्षेत्रों में निवेश के लिए अवसर उपलब्ध हैं। राउंडटेबल में नेपाल, जापान, ब्राजील, फिजी, हंगरी, चेक गणराज्य, म्यांमार, थाइलैण्ड, वियतनाम, फिनलैंड जैसे सहभागी राष्ट्रों के राजनयिक सम्मिलित हुए। प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति और निवेश प्रोत्साहन श्री संजय कुमार शुक्ला ने सहभागी राष्ट्रों को प्रदेश द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधाओं संबंधी प्रेजेंटेशन से जानकारी दी। प्रदेश के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग मंत्री श्री ओमप्रकाश सखलेचा, आयुक्त उद्योग श्री पी. नरहरि, केंद्रीय उद्योग संवर्धन और अंतरिक व्यापार विभाग के सचिव श्री अनुराग जैन सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## सीएम राईज विद्यालय बरईपुरा में हुआ मोगली महोत्सव का आयोजन

**विदिशा।** सीएम राईज बरईपुरा में जिला स्तरीय मोगली महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रश्न मंच एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के बच्चों ने हिस्सा लिया। आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण जागरूकता के साथ आसपास के परिवेश उनकी भौगोलिक स्थिति से परिचित कराना है। विद्यार्थियों ने मोगली, बघीरा और शांति के पात्रों का भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी श्री अतुल कुमार मुदगिल ने किया। जिला शिक्षा अधिकारी श्री अतुल कुमार मोदगिल ने विद्यार्थियों को टीम स्पिरिट से खेलने हेतु मार्गदर्शन दिया। आयोजन में जिला परियोजना समन्वयक श्री एसपी जाटव एवं आयोजक संस्था सीएम राईज बरईपुरा के प्राचार्य श्री के सिंह उपस्थित रहे। जिला नोडल अधिकारी उप प्राचार्य डॉ दीप्ति शुक्ला ने जानकारी दी जिला स्तरीय मोगली महोत्सव में समस्त सात विकास खंड से चयनित कनिष्ठ एवं वरिष्ठ वर्ग में बालक, बालिका की टीम ने जिला स्तर पर प्रश्न मंच प्रतियोगिता में सहभागिता की इस आयोजन में सर्वप्रथम विद्यार्थी विद्यालय स्तर पर निबंध लेखन के द्वारा चयनित होते हैं तत्पश्चात विकासखंड स्तर पर लिखित प्रश्न पत्र परीक्षा के द्वारा विकासखंड स्तरीय उत्कृष्ट विद्यालय से कनिष्ठ वर्ग एवं वरिष्ठ वर्ग में एक बालक एवं 1,1 बालिका का चयन किया जाता है तत्पश्चात जिला स्तर हेतु प्रत्येक विकास खंड से एक बालक एक बालिका की टीम कनिष्ठ वर्ग जिसमें कक्षा छठवीं से कक्षा आठवीं के विद्यार्थी एवं वरिष्ठ वर्ग जिसमें कक्षा नवी से कक्षा 12वीं के विद्यार्थी सम्मिलित होते हैं जिला स्तरीय आयोजन में प्रथम स्थान वरिष्ठ वर्ग में नवांकुर विद्यालय एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उदयपुर आरती चौरसिया एवं राजकुमार गुप्ता गंज बासौदा ने अर्जित किया।

# राकेश ( बब्लू ) कुशवाहा सरपंच चंद्रनगर की बगियां में मनाया गया दशहरा मिलन समारोह

**युवा प्रदेश ❑ राजनगर**

राजनगर क्षेत्र के युवाओ के चहेते एवं लोकप्रिय नेता बब्लू कुशवाहा चंद्रनगर सरपंच की बगिया में हजारों जनता ने मिलकर मनाया दशहरा मिलन समारोह..जनता ने दिया बब्लू कुशवाहा विधानसभा चुनाव लड़ने का सुझाव साथ जनता का रहेगा तन मन धन से भरपुर आशीर्वाद..बड़ी बड़ी हस्तियां रही समरोह सम्मलित. जिसमें प्रदीप चौरसिया लक्ष्य प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष ओबीसी महासभा, सतना विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा जी , ओबीसी महासभा के जिले अध्यक्ष कृष्ण कुमार पटेल , प्रदेश सचिव नरेन्द्र पटेल खरोंही , किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष चरण सिंह पटेल खजुराहो , महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रानी रैकवार ओबीसी महासभा , लाल जी पटेल ,राजू पटेल खजुराहो, ,भागीरथ खजुवा , संजीव पाल , बीके बाबा, प्रकाश



अहिरवार, प्रमोद अहिरवार बसपा, नीरज वर्मा जी पूर्व विधानसभा अध्यक्ष बसपा, सेंडी सिंह ,हरि नारायण चौधरी, धर्मेंद्र पटेल नेता , जाहर सिंह यादव खरोंही , कौशल यादव



,राजू सेन , फूल चंद्र कुशवाहा नेता जी बसपा , इमरान खान मीडिया कालीचरन भारतीय सहित हजारों की संख्या में लोग रहे मौजूद।

**आवश्यकता**

युवा प्रदेश नेटवर्क

*मध्यप्रदेश के सभी जिले व तहसीलों में संवाददाता नियुक्त किये जाने है। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।*

**युवा प्रदेश नेटवर्क,**
प्रधान संपादक-नागेश नरवरिया
मो.- 9425156055-9755364204

## कौन देता है ज्ञान

बच्चों बताओं, तुम्हें
ज्ञान देता है कौन
इस बात पर मत
रहना तुम मौन
क्या आजतक, तुमने
सरस्वती को देखा है?
जिसे ,विद्या की देवी कहते हैं
किंतु, तुम उन्हें जरुर
देखते हो, जों तुम्हें
रोज शिक्षा, देते हैं
अब तुम बताओ तुम्हें
ज्ञान देता है कौन
याद करो, पुरखों को हमारे
पढ़ने का
अधिकार नहीं था?
मन में चाहत भले
बहुत थी, लेकिन अछुतो का
पाठशाला में पैर धरना
सामंतों,को
स्वीकार नहीं था ।
किसने, हमें अधिकार दिया
हमारा जीवन,संवार दिया
1828/183 का इतिहास
तुम याद करो ?
आधुनिक भारत के
शिक्षा जनक थे
लार्ड विलियम बेंटिक
गुलाम भारत के गवर्नर
जनरल लार्ड मैकाले
(1832/1862)
जिन्होंने,भारत के
इतिहास,बदल डाले
इन्होंने ही
हिंदू संस्कारों को तोड़े थे
भारत के शोषित पीड़ित से
शिक्षा का नाता जोड़े थे
ऐसे इतिहास को जानकर
तुम रहो ना मौन
बच्चो बताओं तुम्हें
ज्ञान देता है कौन
इस बात पर मत
रहना तुम मौन
याद करो, ज्योतिबा फुले को
याद करो सावित्री फुले को
इनको कभी ना
भुलना तुम
पीड़ित वर्ग में शिक्षा का
अलख इन्होंने जगाया था
अपने मेहनत और लगन से
सोते क़ौम जगाया था
कोई,लक्ष्मी, तुम्हें
धन आशीर्वाद से नहीं
देने आयेगी
ना किसी कि ग़रीबी
वह मिटायेगी
कोई, सरस्वती, तुम्हें
पढ़ाने, तुम्हारे
घर नहीं आयेगी
तुम्हारे गुरुजन तुम्हें
संविधान और विज्ञान
की पाठ पढ़ायेंगे
जिससे तुम्हारे सारे
अधिकार मिल जायेंगे
शिक्षा रुपी धन पाकर
तुम लक्ष्मी हासिल
कर सकते हो
अपने जीवन को
प्रकाशमय कर सकते हो
क्या तुम अब भी
रहोगे मौन
बच्चों बताओं तुम्हें
ज्ञान देता है कौन
किसी मंदिर में
सर झुकाने से,
कुछ नहीं मिलने वाला
कोई देव नहीं है जग में
तुम्हारे दुखों को हरने वाला
पाठशाला के द्वार
तुम जाओ
आंबेडकर,बनकर
वापस आओ
फिर नया
इतिहास बनाओं
शिक्षा ही है समझो
रुपए, पैसे,चांदी,सोन
बच्चों बताओं तुम्हें
ज्ञान देता है कौन
इस बात पर मत
रहना तुम मौन



हरीश पांडल
विचार क्रांति
बिलासपुर(छ.ग.)

# फिट इंडिया के लिए 150 छात्रों के साथ कुलपति व फैकल्टी दौड़े

### मैराथन में संदेश- नशे से दूर रहें युवा, बेहतर स्वास्थ्य के लिए सुबह या शाम को दौड़ें या घूमें

❑ इंदौर

केंद्र सरकार के स्वच्छ भारत अभियान और फिट इंडिया फ्रीडम रन 3.0 के अंतर्गत डीएवीवी के खंडवा रोड स्थित तक्षशिला परिसर में बुधवार सुबह 10 बजे कार्यक्रम शुरू हुआ। इसमें राष्ट्रीय सेवा योजना देवी अहिल्या विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित जागरूकता दौड़ में कुलपति प्रो. रेणु जैन ने भी दौड़ लगाई। इसमें एनएसएस प्रभारी प्रो. प्रकाश गढ़वाल सहित अन्य फैकल्टी भी मौजूद थीं।

कुलपति ने कहा युवाओं का स्वास्थ्य अच्छा रहे, इस पर उन्हें



ध्यान देना चाहिए। सभी तरह के नशे से दूरें। आयोजन में अलग-अलग कोर्स के 150 से ज्यादा छात्रों ने हिस्सा लिया। इसमें वे सभी छात्र थे जो एनएसएस से जुड़े हैं। दौड़ कैंपस में ही हुई, लेकिन इसके माध्यम से वहां मौजूद सभी छात्रों और फैकल्टी को संदेश दिया गया कि खुद के बेहतर स्वास्थ्य के लिए सुबह या शाम को दौड़ना या घूमना कितना जरूरी है।यूनिवर्सिटी ने जो आयोजन किया, वह युवाओं के बेहतर स्वास्थ्य को लेकर चलाए जा रहे फिट इंडिया फ्रीडम रन 3.0 का हिस्सा है। अभियान को तीन संकल्प के साथ चलाया जा रहा है।

### त्योहार पर महाराज बाड़ा की ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए एसएसपी ने किया निरीक्षण

# महाराज बाड़ा पर वाहनों की न हो भीड़, इसके लिए 7 पार्किंग बनेंगी, 17 डायवर्सन पॉइंट तय

❑ ग्वालियर

दीपावली और धनतेरस पर महाराज बाड़ा एवं सराफा बाजार की व्यवस्था तय करने के लिए बुधवार की रात एसएसपी अमित सांघी ने महाराज बाड़े का निरीक्षण किया। एसएसपी ने बताया कि ट्रैफिक प्लान बनाया जा रहा है, लेकिन बाड़ा के चारों ओर रॉक्सी रोड, पाटनकर बाजार, जनकगंज कंपू क्षेत्र में 7 पार्किंग तय की गई हैं।

महाराज बाड़े पर जाने वाले वाहनों को रोकने के लिए 17 डायवर्सन पॉइंट तय किए गए हैं। बाड़ा क्षेत्र में चार क्रेन भी तैनात की जाएंगीं, जो कि नो पार्किंग के वाहनों को उठाएंगी। बाड़े पर पोस्ट ऑफिस के सामने सड़क पर बैठे हॉकर्स को रास्ता साफ कर टाउन हाल (रीगल सिनेमा) के पास से वाहन हटाकर उसके आसपास शिफ्ट किया जाएगा। बाड़ा क्षेत्र में रात में एसएसपी के साथ एएसपी मृगाखी डेका व गजेंद्र सिंह, डीएसपी नरेश अन्नोटिया, मुनीष राजौरिया, राजीव गुप्ता व सूबेदार अभिषेक रघुवंशी मौजूद थे।



रॉक्सी पुल से- बाड़े की ओर जाने वाले ट्रैफिक को रोककर रॉक्सी पुल के नीचे से डायवर्ट किया जाएगा। यहां पर कंपू पर मल्टीलेवल पार्किंग, शंकर गंधर्व विद्यालय पर पार्किंग कराई जाएगी। स्काउट गेट से बाड़े की ओर जाने वाले ट्रैफिक को पिछाड़ी ड्योढ़ी से डायवर्ट किया जाएगा। वहीं श्रीराम पैलेस, राठौर पैलेस व गजराराजा विद्यालय को पार्किंग के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। पाटनकर बाजार- इधर से बाड़े की ओर से बाड़े पर जाने वाले वाहनों को पाटनकर बाजार में रोका जाएगा। यहां पर मृगनयनी एंपोरियम के सामने पार्किंग होगी। दौलतगंज में सूर्य नारायण मंदिर व नागदेवता मंदिर पर बाइकों की पार्किंग कराई जाएगी। बाड़े की ओर जाने वाले वाहनों? को बैंड मार्केट तिराहा पर रोका जाएगा। हनुमान चौराहा से- बाड़े की ओर जाने वाले सवारी व चार पहिया वाहनों को रोका जाएगा। आगे जनकगंज डिस्पेंसरी से दो पहिया वाहनों को बाड़े की ओर जाने से रोका जाएगा। छत्री मंडी के आसपास पार्किंग कराई जाएगी। इधर से आने वाले वाहनों को भी बाड़े पर नहीं जाने दिया जाएगा। इन्हें लाइब्रेरी व दत्त मंदिर के आसपास पार्किंग के लिए स्थान तय किया है।

बाड़ा व सराफा बाजार में व्यापारियों व दुकानदारों के वाहन पार्क नहीं किए जाएंगे। इसके लिए दुकानदारों को हिदायत दी गई है। बुधवार को भी सूबेदार अभिषेक रघुवंशी ने 6 वाहनों को बाजार से हटवाया। वहीं एडीजी डी. श्रीनिवास वर्मा ने सुबह बैठक लेकर कहा कि हेलमेट अभियान में विवाद की स्थिति न बनने दें।

# शहर के लोगों को पर्याप्त स्वच्छ पानी के लिए हर संभव प्रयास करें: महापौर

❑ ग्वालियर

शहर में पिछले लंबे समय से लगातार हो रही गंदे पानी की सप्लाई को देखते हुए बुधवार को महापौर डॉ. शोभा सिकरवार ने तिघरा और मोतीझील वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया। उन्होंने प्लांट पर तैनात पीएचई के अधिकारियों से गंदे और मटमैले पानी की सप्लाई के बार में पूछा तो उनका कहना था कि तिघरा बांध से ही गंदा पानी आ रहा है। अधिकारियों ने बताया कि प्लांट के फिल्टर चोक हो गए हैं। इसके बाद भी बढ़ी हुई मात्रा में एलम आदि मिलाकर पानी को पीने लायक बनाया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि इस मामले को लेकर जल संसाधन विभाग को पत्र भी लिखा। महापौर ने कहा कि शहर के लोगों को पर्याप्त, स्वच्छ व शुद्ध पानी मिले इसके लिए हर संभव प्रयास किया जाए। प्लांट



पर अधिकारियों द्वारा बताया कि विगत दिनों हुई तेज बारिश के कारण तिघरा में ज्यादा एवं तेजी से पानी आने से रॉ वाटर गंदा आने की शिकायत आ रही है। कुछ ही दिनों में स्थिति सामान्य होने लगेगी। महापौर ने 68 एमएलडी क्षमता के न्यू एवं ओल्ड मोतीझील प्लांट का निरीक्षण किया। वहीं देरशाम पीएचई के अधीक्षण यंत्री आरएलएस मौर्य ने प्लांट का निरीक्षण कर साफ पानी सप्लाई करने के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। साथ ही पानी की गुणवत्ता भी देखी।

## कपड़े की दुकान में आग लगने से लाखों का सामान खाक

**जबलपुर।** जबलपुर के सबसे व्यस्ततम इलाका करमचंद चौक स्थित कपड़े की दुकान में गुरुवार सुबह अचानक आग लग गई। आग तलघर वाला शॉप में लगी। सूचना के बाद मौके पर तकरीबन 10 दमकल वाहनों की मदद से आग पर काबू पाया जा सका। बताया जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी है।जानकारी के मुताबिक तलघर वाला शॉप लड्डू जैन की बताई जा रही है। लड्?डू जैन कपड़े के थोक व्यापारी हैं। उनकी तीन मंजिला दुकान में आग लगी है।

# त्योहार सिर पर न मेन रोड के गड्ढे भरे न ही डोर टू डोर उठ रहा कचरा



❑ ग्वालियर

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की यात्रा के बाद शहर में विकास कार्यों की रफ्तार धीमी हो गई है। निगम अफसरों के दावे कुछ भी हों, लेकिन हकीकत यह है कि दीपोत्सव से ऐन पहले तक न तो मेन रोडों के गड्ढे भर पाए हैं और न ही डोर टू डोर कचरा उठाने की व्यवस्था दुरुस्त हो पाई।

इस मामले को लेकर पार्षद लगातार शिकायत दर्ज करा रहे थे। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने भी समीक्षा बैठक के दौरान त्योहार से पहले उक्त कार्य पूरे करने के निर्देश दिए थे। एयरपोर्ट शिलान्यास कार्यक्रम में बड़े नेताओं के लगातार आने-जाने से नेताओं ने दिनरात लगातार उन रोडों पर काम कराया जिन पर वीआईपी का मूवमेंट था, लेकिन कार्यक्रम खत्म होने के बाद काम की रफ्तार धीमी हो गई। पेच रिपेयरिंग का काम जो रोजाना चल रहा है, लेकिन यह काम सिर्फ खानापूर्ति तक सीमित है। इसमें शहर की प्राथमिकताएं तय नहीं की गईं। बारिश की शुरुआत से ही सड़कों की स्थित खराब होना शुरू हो गई थी। मानसून के पूरे चार महीने लोगों ने खस्ताहाल सड़कों से गुजारे कि बारिश के बाद सड़कों का संधारण हो जाएगा। लेकिन बारिश बंद होने के बाद भी जिस तेजी से सड़कों के गड्डे भरने का काम होना था, नहीं हो पाया। शहर की सबसे ज्यादा ट्रैफिक लोड वाली फूलबाग की सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे ट्रैफिक की रफ्तार रोक रहे हैं। गुरुद्वारे के सामने रोड पर गड्ढे हैं। राजपायगा रोड और अस्पताल रोड पर एंबुलेंस तक गड्ढों में उछल रही है।

## मंत्री बिसाहूलाल सिंह का विवादित बयान,

# जावरा में बोले, रीवा के राजा दारू पीकर पड़े रहते, हमारे लोगों से शिकार करवाते

### रीवा राजघराने में राजा दारू पीकर पड़े रहते थे

### कलेक्टर, एसपी से लेकर जावरा विधायक और अन्य प्रमुख जनप्रतिनिधि भी मौजूद थे

■ जावरा

मध्यप्रदेश शासन के खाद्य नागरिक आपूर्ति मंत्री बिसाहूलाल सिंह का जावरा क्षेत्र के आकतवासा में भाषण के दौरान दिए एक बयान का वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में उन्होंने अपने नाम के आगे लगे सिंह की व्याख्या की है लेकिन उसमें रीवा राजघराने को लेकर ऐसी टिप्पणी कर दी, जो चर्चा में आ गई। उन्होंने कहा कि हमारे रीवा के राजा दारू पीकर पड़े रहते थे।

दरअसल जावरा के ग्राम आकतवासा में मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित हुआ था। इसमें कलेक्टर, एसपी से लेकर जावरा विधायक और अन्य प्रमुख जनप्रतिनिधि भी मौजूद थे। इस में जब मंत्री सिंह भाषण देने के लिए मंच पर खड़े हुए तो उन्होंने अपने भाषण में सबसे पहले अपने नाम बिसाहूलाल सिंह में लगे सिंह की व्याख्या की। उन्होंने कहा कि हमारे रीवा राजघराने में राजा दारू पीकर पड़े रहते थे और हमारे लोगों से शिकार करवाते थे इसलिए हमारे नाम के आगे सिंह लग गया। अब इस बयान का वीडियो जावरा क्षेत्र में वायरल हो रहा है और लोग इसे अजीबो गरीब बता रहे हैं इस मामले में भाजपा पिपलोदा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह गुडरखेड़ा का कहना है कि जिस समय मंत्री जी भाषण दे रहे थे उस समय मेरा ध्यान और कहीं था। यह उनके निजी विचार थे वे अपना परिचय दे रहे होंगे।






## एक हेलमेट पहना रहे कई सिरों पर

**खंडवा।** हाईकोर्ट के निर्देश पर दो पहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट अनिवार्य कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह द्वारा पेट्रोल पंपों पर बिना हेलमेट पेट्रोल नहीं दिए जाने के निर्देश भी जारी किए गए है, लेकिन इसका पालन होता नहीं दिख रहा है। पेट्रोल पंप पर मौजूद सेल्समैनों द्वारा इस आदेश का भी तोड़ ढूंढ लिया है। एक हेलमेट को कई-कई सिरों पर पहनाकर पेट्रोल देकर आदेश की धज्जियां उड़ाई जा रही है। शुक्रवार को यातायात विभाग की टीम ने सिविल लाइन क्षेत्र के पेट्रोल पंपों पर निरीक्षण कर बिना हेलमेट पहने दो-पहिया वाहन चालकों को पेट्रोल नहीं दिए जाने की समझाइश दी थी। सिविल लाइन क्षेत्र के पंपों पर इसका पालन जरूर शुरू हुआ, लेकिन शहर के अन्य पंपों पर कोई असर नहीं दिखा। इंदौर नाका स्थित विपणन संघ के लिए एक हेलमेट अलग से रख दिया गया। चालक हेलमेट पहनता और सेल्समैन बाइक-स्कूटर में पेट्रोल डालकर हेलमेट वापस लेकर दूसरे चालक को दे रहा था। इसी तरह के नजारे इंदौर रोड, पड़ावा क्षेत्र के अन्य पंपों पर भी देखने को मिले।

# मां तुझे प्रणाम योजना के तहत 15 युवतियों का हुआ चयन



■ नर्मदापुरम

खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा मां तुझे प्रणाम योजना,अंतर्गत युवाओं को भारत की अंतरराष्ट्रीय सीमा पर भ्रमण हेतु जिले की 15 युवतियों का चयन हुआ। एनएसएस,एनसीसी, खिलाड़ी, सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले ,मेधावी छात्र ,को चयनित कर संचनालय खेल एवं युवा कल्याण भोपाल द्वारा सरहद पर देश के प्रति युवाओं को जागृत करना एवं हमारे देश के जवानों की दिनचर्या से रूबरू कराया जाए जाना है ताकि युवा मैं देश के प्रति प्रेम एवं देश हित की भावना जागृत होती है। इसी के तहत नर्मदा पुरम जिले की डोली हीना, जागृति यादव ,निशा ठाकुर ,भारती मेहरा, ज्योति भाटी, पूजा गौर ,दुर्गा मालवीय, दीया झरने ,अंजलि चौरे ,नीलिमा दामले ,निधि पचलानिया,पर भ्रमण हेतु साथ में लेकर जा रही है।

## होटल के कमरे में कैडबरी चॉकलेट में नशीला पदार्थ खिलाकर 19 साल की युवती से रेप



**इंदौर।** 19 साल की युवती ने अमित पुत्र विनोद ठाकुर (26) निवासी स्कीम नं 51 के खिलाफ रेप का केस दर्ज कराया है। अमित होटल स्वर्ण पैलेस में युवती को लेकर गया था। युवती ने बताया कि दोनों के बीच दोस्ती थी, वो अक्सर मोबाइल पर बातें करते थे । अरोपी ने युवती को फिल्म दिखाने के बहाने बुलाकर होटल के रूम में चलने के लिए कहा। मना करने पर कुछ देर अकेले में बात करने का बोल कर होटल के कमरे में ले गया। कमरे के अंदर बातों ही बातों में आरोपी ने पीड़िता को कैडबरी चॉकलेट खिलाई। जिसके बाद उसे चक्कर आने लगे। फिर आरोपी ने पीड़िता से रेप किया और उसे अपनी मोटरसाइकिल से एम. आर. 10 चौराहे पर लेकर आया। यहां ऑटो रिक्शा में बैठाकर उसे घर भेज दिया। इंदौर में एक 26 साल की युवती ने शिकायत दर्ज करवाई है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसके इंस्टाग्राम अकाउंट का पासवर्ड चुराकर उसकी फोटो को मॉर्फड कर अश्लील फोटो बनाए और उसी की इंस्टाग्राम स्टोरी पर डाल दिए।

### देर रात तक चल रहे थे पब

# दो पबों पर कार्रवाई, डांस कर रहे युवक-युवतियों को पुलिस ने निकाला

■ इंदौर

इंदौर में पबों को लेकर जारी की गई समय सीमा के बाद भी देर रात तक शोर शराबा कर रहे दो पब पर शनिवार रात पुलिस ने कार्रवाई की।

डीसीपी ने यहां पहुंचकर डीजे सिस्टम उठवा लिए और थाने में रख दिए। पुलिस ने दोनों पब के कर्मचारियों पर प्रतिबंधात्मक धाराओं में केस दर्ज किया है।डीसीपी संपत उपाध्याय के आदेश पर शनिवार रात में अपोलो प्रीमियम बिल्डिंग स्थित पियानो पब एंड बार और अपोलो टॉवर के रेबुलेशन बार पर कार्रवाई की गई। यहां उत्तम निवासी न्यू शीतल नगर और संतराम निवासी सोलंकी नगर के खिलाफ 188 धारा के तहत कार्रवाई की गई। अधिकारियों ने बताया कि पबों को लेकर प्रशासन ने रात करीब साढ़े ग्यारह बजे की समय सीमा निर्धारित की है। जिसके बाद भी यहां देर रात तक पब में म्यूजिक बजाया जा रहा था।रात में यहां पुलिस को देख पब में डांस कर रहे युवक-युवती बाहर निकले। पुलिस ने दोनों पबो से म्यूजिक सिस्टम और डीजे जब्त किया।

### पब में चल चुकी है गोली

नाइट कल्चर लागू होने के तीसरे दिन ही रात में सोनी उर्फ विजय यादव ने स्ङ्क में आकर गोलीकांड को अंजाम दिया था। जो गोली पब संचालक ओर उसके साथी को लगी थी। बाद में आबकारी विभाग ने भी देर रात तक पब में चलने वाली पार्टी को लेकर कारवाई की थी। विजयनगर पुलिस ने इस मामले में सभी आरोपियों को कुछ दिन पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा था। इसके बाद से कलेक्टर ने पबों को लेकर सख्ती करने के निर्देश भी दिए थे।

# जन उत्सव के रूप में मनाया जाएगा मध्यप्रदेश का 67वां स्थापना दिवस : मुख्यमंत्री चौहान

■ भिंड




भिंड के भारौली थाना क्षेत्र में दो युवकों में दो रोज पहले विवाद हो गया। इसी बात को कुछ युवकों ने एक नाबालिग को शनिवार को पकड़ लिया। इसके बाद बीहड़ में ले जाकर डंडों से पीटा। ये मामला पुलिस के संज्ञान में आते ही भारौली पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। भारौली पुलिस ने दोनों आरोपियों को अवैध हथियार व कारतूस समेत दबोचा लिया।

पुलिस के मुताबिक भारौली खुर्द में रहने वाले 17 वर्षीय नाबालिग की दो रोज पहले दो युवकों से विवाद हो गया। इसके बाद शनिवार को गांव के रहने वाले भूरे राजावत और शिवम राजावत, नाबालिग को अकेला पाकर पकड़ लिया। दोनों ने नाबालिग को पकड़ कर बीहड़ की ओर ले गए। दोनों आरोपियों ने नाबालिग की जमकर पिटाई की। आरोपियों ने नाबालिग को पेड़ से बांधकर उसके कपड़े उतार दिए और डंडे से मारने लगे। इस दौरान आरोपियों ने वीडियो भी बनाया। मारपीट के इस वीडियो को आरोपियों ने कई ग्रुपों में वायरल कर दिया। जब लोगों ने इसे लेकर आरोपियों को फोन करना शुरू किया तो वीडियो को हटा दिया। वीडियो को देख फरियादी पक्ष के लोग थाने पहुंचे और मामले की शिकायत की। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था।

इस पूरे मामले में भारौली थाना प्रभारी अनीता गुर्जर ने दोनों आरोपियों की तलाश में जगह-जगह छापामार कार्रवाई की। इसके बाद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दोनों आरोपियों को भिंडाड़ा रोड पर स्थित सिद्ध बाबा मंदिर के पास से दोनों आरोपियों को दबोचा। दोनों आरोपियों की तलाशी लेने पर दोनों से 315 बोर के दो कट्?टे व चार कारतूस भी मिले। दोनों आरोपियों के दबोचते हुए जेल भेजे जाने की कार्रवाई की गई।

# फूड सेफ्टी अफसरों ने गोरमी में दूध डेयरी पर छापा मारा

■ भिंड

भिंड में त्योहार नजदीक आते ही एक बार फिर से पुलिस और फूड सेफ्टी अफसर सक्रिय हो गए। बीती शाम पुलिस व फूड डिपोर्टमेंट की संयुक्त कार्रवाई गोरमी कस्बे की डेयरी पर हुई। यहां बड़ी तादाद में ड्राय ग्लूकोज सायरप, माल्ट्रोज डेस्ट्रिन पाउडर और आरएम केमिकल मिला। फूड सेफ्टी अफसर ने डेयरी संचालक के खिलाफ एफआइआर दर्ज कराई है। रविवार की शाम को पुलिस व फूड सेफ्टी अफसरों ने कलियानपुरा रोड पर स्थित राघवेंद्र उर्फ बंटी पाराशर निवासी प्रतापपुरा की डेयरी पर छापामार कार्रवाई की। यहां डेयरी पर दूध, घी तैयार किया जा रहा था। प्रशासन की छापामार कार्रवाई को देख मौजूद डेयरी कारीगर मौके से भाग निकले। डेयरी फार्म के अंदर नकली दूध व घी तैयार करने वाला केमिकल माल्ट्रोडेक्सन 25 किलोग्राम के तीन बोरियां मिली। इसी तरह से ड्राइड ग्लूकोज सीरप 25 किलो के 16 बोरियां मिली। इसके अलावा आरएम केमिकल 46 टीन भी बरामद हुआ। इसी तरह की कार्रवाई जैन डेयरी गोरमी में की गई। यहां प्रदीप जैन निवासी सौंधा के यहां से दूध व घी के सेम्पल भरे गए। इसी तरह से ब्रजेश जैन ग्राम सौंधा की डेयरी से भी दूध व घी के सैम्पल लिए गए। इसके अलावा अफसरों को छापामार कार्रवाई के दौरान दो वाहन भी मिले।



संपादकीय

## प्रदूषण पर जुर्माना

प्रदूषण पर वार करना जितना जरूरी है, उतना ही स्वागतयोग्य भी। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) अर्थात राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने कर्नाटक की चंदपुरा झील की रक्षा करने में विफलता के लिए कर्नाटक सरकार पर 500 करोड़ रुपये का जो जुर्माना लगाया है, उसका स्वागत करने वालों की संख्या कम नहीं है। एनजीटी ने साफ कह दिया है कि कर्नाटक पर्यावरण की रक्षा करने में विफल रहा है। झील पारिस्थितिकी और उसके आसपास पर्यावरण तंत्र को भारी नुकसान हुआ है। अत- राज्य को पर्यावरणीय मुआवजे का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी ठहराया जाना चाहिए। एनजीटी का यह फैसला बाध्यकारी है, कर्नाटक सरकार इसे वापस एनजीटी में चुनौती दे सकती है और उसके बाद सीधे सुप्रीम कोर्ट जाने का रास्ता खुला हुआ है। जुर्माना बहुत भारी है और देश में बाकी हजारों झीलों को लीलने वालों तक इसकी धमक पहुंचनी चाहिए। झीलों को बचाने के लिए जो लोग सक्रिय हैं, उन्हें एनजीटी के इस फैसले से बड़ी ताकत मिलेगी। हमने देखा है कि पिछले दिनों कैसे बेंगलुरु में एक झील का गला घोटने की कीमत लगभग पूरे शहर ने बाढ़ भुगतकर चुकाई है।एनजीटी का एक और फैसला बहुत चर्चा में है। ओखला, भालस्वा और गाजीपुर में तीन कूड़ाक्षेत्रों पर कचरे का निस्तारण न करने के चलते राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली पर 900 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है। एनजीटी ने यह भी बताया है कि जुर्माना किस-किस से वसूल किया जा सकता है। वास्तव में, दिल्ली के इन कचरे के पहाड़ों के लिए कोई एक पक्ष दोषी नहीं है। इसके लिए कचरा पैदा करने वाले, नियमों का उल्लंघन करने वाले, गलती करने वाले अधिकारी और कंपनियों से जुर्माना वसूला जा सकता है। इसके अलावा कचरा क्षेत्र की जमीन की बिक्री से भी धन जुटाया जा सकता है, ताकि जुर्माना दिया जा सके। दिल्ली में एनजीटी के इस फैसले से बहुत परेशानी होने वाली है। हालांकि, इस परेशानी की आशंका विगत वर्षों से लगातार बनी हुई थी। संभव है कि दिल्ली सरकार भी इस फैसले को एनजीटी में फिर चुनौती देगी। वैसे दिल्ली की सरकारें विगत दो-तीन दशकों से कूड़े के पहाड़ों से लोगों को निजात दिलाने का वादा चुनाव-दर-चुनाव करती आई हैं। चुनाव खत्म होते ही सरकार व नेता कूड़ा निस्तारण के अपने वादे को भूल जाते हैं। जब नेता गंभीर नहीं हैं, तो जिम्मेदार अधिकारियों को भला क्यों चिंता हो? दिल्ली के समग्र प्रदूषण में कूड़े के इन पहाड़ों का जो योगदान है, उस पर सहज ही श्वेत पत्र जारी किया जा सकता है। एनजीटी ने यह भी कहा है कि जुर्माने की राशि का उपयोग कूड़ा निस्तारण में ही किया जाएगा। वैज्ञानिक ढंग से कूड़े को ठिकाने लगाना, अग्नि नियंत्रण उपाय करना और चारदीवारी का निर्माण करना आज बहुत जरूरी हो गया है। कुल मिलाकर, एक बार फिर यह साबित हो गया है कि हमारी सरकारों को पर्यावरण की रक्षा के लिए जितना करना चाहिए, वे उतना नहीं कर पा रही हैं। वास्तव में, दिल्ली को तो उदाहरण बनना चाहिए, लेकिन यहां दिल्ली सरकार और नगर निगम के बीच समन्वय का अभाव भी आड़े आ रहा है। हम झीलों को खत्म करते हुए, कूड़े के पहाड़ तैयार करते हुए अपने जीवन के लिए जो जोखिम पैदा कर रहे हैं, उसकी ओर एनजीटी ने इशारा भर किया है।

# भारक में पनडुब्बी आइएनएस कामयाबी के मोर्चे

*सैन्य संसाधनों के मामले में भारत पहले भी कमजोर नहीं रहा है, लेकिन अब नए और ज्यादा क्षमता वाले हथियारों से लैस होने की ओर बढ़ते कदम ने युद्ध की स्थिति में नया भरोसा पैदा किया है। आइएनएस अरिहंत की पनडुब्बी से किया गया ताजा परीक्षण भी इस लिहाज से एक बड़ी जरूरत को पूरा करता है कि मोर्चे पर तैनाती के बाद भारतीय बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बियां जल क्षेत्र से सीधे चीन और पाकिस्तान को निशाना बना सकती हैं। एक अहम तथ्य यह भी है कि भारत अब अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस और चीन के बाद बैलिस्टिक मिसाइलों से लैस परमाणु शक्ति संपन्न पनडुब्बी रखने वाला दुनिया का छठा देश हो गया है।*

परमाणु बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी आइएनएस अरिहंत के जरिए कामयाब परीक्षण के साथ ही भारत ने जल सेना के मोर्चे पर एक मील का पत्थर कायम किया है। इस परीक्षण को इसलिए ज्यादा महत्त्व दिया जा रहा है कि इसकी सबसे बड़ी खासियत इसकी परमाणु प्रतिरोधक क्षमता है। गौरतलब है कि आइएनएस अरिहंत रणनीतिक लिहाज से भारत की सबसे महत्त्वपूर्ण पनडुब्बी है और जलक्षेत्र में युद्ध के मद्देनजर इसकी उपयोगिता जगजाहिर रही है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, इस मिसाइल का परीक्षण पूर्व निर्धारित सीमा तक किया गया। इसने बंगाल की खाड़ी में तय लक्ष्य पर जो निशाना साधा, वह पूरी तरह सटीक रहा। इससे पहले परीक्षण निश्चित पानी के नीचे के पोंटून से किए गए थे, लेकिन इस बार पनडुब्बी के जरिए ही मिसाइल छोड़ा गया। इसके अलावा, मिसाइल परीक्षण ने अपने सभी परिचालन और तकनीकी मानकों को पूरा किया। इस सफल परीक्षण से यह भी साबित हुआ कि अब स्वदेशी आइएनएस अरिहंत श्रेणी की पनडुब्बियां दुश्मनों की किसी भी तरह की चुनौती का सामना करने के लिए तैयार हैं।दरअसल, मौजूदा विश्व के बदलते आयाम के बीच समंदर और इसकी सतह के नीचे की क्षमताओं पर भी किसी युद्ध के नतीजे निर्भर करेंगे। पिछले कुछ सालों से भारत अपने आसपास जिस तरह की चुनौतियों से घिरा है और खासतौर पर चीन और पाकिस्तान का जैसा रुख सामने आता रहा है, उसमें हर मोर्चे पर बरती गई सावधानी ही एक सबसे अहम मोर्चा है। यों सैन्य संसाधनों के मामले में भारत पहले भी कमजोर नहीं रहा है, लेकिन अब नए और ज्यादा क्षमता वाले हथियारों से लैस होने की ओर बढ़ते कदम ने युद्ध की स्थिति में नया भरोसा पैदा किया है। आइएनएस अरिहंत की पनडुब्बी से किया गया ताजा परीक्षण भी इस लिहाज से एक बड़ी जरूरत को पूरा करता है कि मोर्चे पर तैनाती के बाद भारतीय बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बियां जल क्षेत्र से सीधे चीन और पाकिस्तान को निशाना बना सकती हैं। एक अहम




तथ्य यह भी है कि भारत अब अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस और चीन के बाद बैलिस्टिक मिसाइलों से लैस परमाणु शक्ति संपन्न पनडुब्बी रखने वाला दुनिया का छठा देश हो गया है। यानी कहा जा सकता है कि इस मामले में हमारा देश दुनिया की सैन्य महाशक्तियों की श्रेणी में खड़ा हो गया है।

यों भारत अपनी ओर से युद्ध जैसे हालात पैदा करने की कोशिश कभी नहीं करता है, लेकिन अपनी सीमाओं को सुरक्षित बनाना किसी भी संप्रभु देश का पहला दायित्व है। भारत को यह सावधानी बरतने की जरूरत खासतौर पर दो पड़ोसियों- चीन और पाकिस्तान की वजह से पड़ती रहती है। इन दोनों देशों की ओर से बिना किसी उकसावे या वजह के भी सैन्य मोर्चों पर जिस तरह की हरकतें सामने आती रही हैं, उसमें अगर भारत अपनी ओर से सावधान न रहे तो इसका बड़ा खमियाजा उठाना पड़ सकता है।यह पिछले कुछ सालों में अक्सर साबित होता रहा है, जब चीन मनमानी तरीके से भारतीय इलाकों में घुसपैठ करता या सैन्य दखल देता है या फिर पाकिस्तान सीमा पर अकारण गोलीबारी करने से लेकर आतंकवादियों को चुपके से सीमा पार कराने की कोशिश करता है। अगर किन्हीं हालात में ऐसे टकराव का विस्तार हुआ तो एक अहम मोर्चा जल सेना को भी लेना होगा। खासतौर पर परमाणु हथियारों की होड़ के दौर में हर स्तर पर तैयार रहना वक्त की जरूरत है और इसीलिए आइएनएस अरिहंत से बैलिस्टिक मिसाइल के सफल परीक्षण की अपनी अहमियत है।

दूसरी तरफ, दुनिया रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर आशंकित है। आशंका जताई जा रही है कि रूस परमाणु हमला कर सकता है और 1962 के क्यूबा मिसाइल संकट के बाद पहली बार इस तरह का खतरा पैदा हुआ है। मंत्रालय ने बयान में कहा, 'आईएनएस अरिहंत से एसएलबीएम का 14 अक्टूबर को सफल टेस्ट किया। यह एक पूर्व निर्धारित सीमा तक किया गया और इसने बंगाल की खाड़ी में टारगेट पर पूरी सटीकता के साथ निशाना साधते हुए सभी परिचालन और तकनीकी मानकों को पूरा किया।'आईएनएस अरिहंत ने भारत के मौजूदा परमाणु ट्रायड यानी जमीन, आसमान और समंदर से परमाणु हमले की क्षमता को सशक्त किया है, लेकिन इसे और भी भरोसेमंद और पावरफुल बनाने के लिए लंबी दूरी तक मिसाइल ले जाने वाली एसएसबीएन की जरूरत है। ट्रायड के बाकी दोनों अंग जमीन से दागी जाने वाली अग्नि सीरीज की बैलिस्टिक मिसाइलों और सुखोई-30 एमकेआई, मिराज-2000 और राफेल जैसे लड़ाकू विमानों के होने से कहीं ज्यादा मजबूत हो गए हैं। ये फाइटर्स परमाणु ग्रैविटी बम गिराने में सक्षम हैं।माना जा रहा है कि दूसरी ऐसी सबमरीन ढ्ढहृस् अरिघाट कुछ देरी के साथ अगले साल पूरी तरह से ऑपरेशनल हो सकती है। अमेरिका, रूस और चीन के पास 5,000 किमी से ज्यादा दूरी तक मार करने वाली मिसाइलें हैं। ऐसे में ज्यादा पावरफुल स्स्क्चह्र होने से विश्वसनीयता और भारत की ताकत बढ़ेगी। यह स्पष्ट हो जाएगा कि अगर दुश्मन ने पहले हमला करने की जुर्रत की तो भारत उसे तबाह करने की क्षमता रखता है। माना जाता है कि भारत 8,000 किमी तक मारक क्षमता वाली मिसाइलों पर काम कर रहा है।

## 18 अक्टूबर को राशियां रहेंगी लकी

वैदिक ज्योतिष शास्त्र में कुल 12 राशियों का वर्णन किया गया है। हर राशि का स्वामी ग्रह होता है। ग्रह-नक्षत्रों की चाल से राशिफल का आकंलन किया जाता है। 18 अक्टूबर 20वैदिक ज्योतिष शास्त्र में कुल 12 राशियों का वर्णन किया गया है। हर राशि का स्वामी ग्रह होता है। ग्रह-नक्षत्रों की चाल से राशिफल का आकंलन किया जाता है। 18 अक्टूबर 2022 को मंगलवार है। मंगलवार का दिन हनुमान जी को समर्पित है। इस दिन विधि- विधान से बजरंग बली की पूजा- अर्चना की जाती है। प. राघवेंद्र शर्मा से जानिए 18 अक्टूबर 2022 को किन राशि वालों को होगा लाभ और किन राशि वालों को रहना होगा सावधान। मन अशान्त रहेगा। अपनी भावनाओं को वश में रखें।

# भूख के बावजूद भारत एक उम्मीद

विश्व गुरु के घोष पर हर्षोल्लास व कटाक्ष का सिलसिला देश के भीतर और विदेश में बसी भारतीय बिरादरी के बीच तो खूब चला है, पर अब ऐसा लग रहा है कि पूरी दुनिया में भारत का डंका बजने वाला है, खासकर विश्व की अर्थव्यवस्था में। सबसे महत्वपूर्ण बयान आए हैं अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की तरफ से। आईएमएफ की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जॉर्जीवा का कहना है कि इस वक्त दुनिया के आर्थिक क्षितिज पर जो अंधकार दिख रहा है, उसमें भारत को एक प्रकाश पुंज की तरह देखना पड़ेगा। इसकी एक वजह यही है कि मुश्किल दौर में भी भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ती रही।

हालांकि, एक ही भारत के अलग-अलग पहलू हैं। एक पहलू यह भी है, जो ताजा ग्लोबल हंगर इंडेक्स 2022 के आंकड़े दिखाने की कोशिश कर रहे हैं। भारत छह पायदान नीचे खिसककर 121 देशों में 107वें स्थान पर पहुंच गया है। वैश्विक सूची में भारत दक्षिण एशियाई




देशों में सिर्फ युद्धग्रस्त अफगानिस्तान से बेहतर बताया गया है। मतलब, विशाल आबादी वाले देश में भूख एक पहलू है।

लेकिन कुल मिलाकर, एक मजबूत भारत भी है, जो एक साल के लिए जी-20 की अध्यक्षता करने जा रहा है। जी-20 असल में 19 राष्ट्रों और यूरोपीय संघ के सारे देशों को मिलाकर बना है। दुनिया की जीडीपी का लगभग 80 प्रतिशत और अंतरराष्ट्रीय व्यापार का 75 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सा जी-20 के सदस्य देशों से आता है। आगामी 1 दिसंबर से भारत इसका अध्यक्ष बनेगा, और इसके बाद एक साल के भीतर उसे इस समूह की 200 से ज्यादा बैठकों की मेजबानी करनी है। क्रिस्टालिना जॉर्जीवा का कहना है कि जिस वक्त भारत इस संगठन का नेतृत्व संभालने जा रहा है, वह खुद बहुत मजबूत स्थिति में है, और यह तय है कि इसके बाद भारत पूरी दुनिया पर छाप छोड़ेगा।जॉर्जीवा ही नहीं, आईएमएफ के मुख्य अर्थशास्त्री पियरे ओलिवियर गौरिंचस का भी कहना है कि जिस वक्त पूरी दुनिया पर मंदी का खतरा मंडरा रहा है, भारत की तेज चमक तारीफ के काबिल है। हालांकि, पिछले हफ्ते आईएमएफ ने भारत की जीडीपी ग्रोथ का अनुमान घटा दिया, पर यह भी बताया है कि भारत दुनिया में सबसे तेज रफ्तार से बढ़ेगा। आईएमएफ ने 2021 में भारत की जीडीपी ग्रोथ की रफ्तार 8.7 प्रतिशत के मुकाबले 2022 में 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। उधर 2022-23 के लिए उसे लगता है कि भारत की जीडीपी में 6.1 फीसदी की बढ़त होगी, जबकि जनवरी में उसका अनुमान 8.2 प्रतिशत था, जो जून में घटाकर 7.4 प्रतिशत कर दिया गया था। फिर भी यह काफी है, क्योंकि इसी दौरान चीन में 4.4 प्रतिशत, अमेरिका में एक प्रतिशत, जापान में 1.6 प्रतिशत, यूरोपीय देशों में 0.5 प्रतिशत और ब्रिटेन में महज 0.3 प्रतिशत बढ़त का अनुमान है। संभवत- यह भी एक बड़ी वजह है कि दुनिया को भारत में बड़ी उम्मीद दिख रही है और आईएमएफ के बयान उस उम्मीद की अभिव्यक्ति माने जा रहे हैं।

# चूहों में मानव दिमाग



मानव दिमाग या मस्तिष्क अभी भी कुछ हद तक रहस्य का विषय है और उसकी खोज में वैज्ञानिकों की एक बड़ी जमात लगी हुई है। इसी खोज के तहत पहली बार मानव मस्तिष्क के एक छोटे हिस्से को चूहों में लगाने में कामयाबी मिली है। इससे पहले भी ऐसे ही प्रयोग की कोशिशें हुई थीं, लेकिन चूहों के शरीर या दिमाग ने मानव हिस्से को स्वीकार नहीं किया था। नैतिकता को लेकर भी बहस तेज हो जाएगी, लेकिन इसमें गौर करने की बात यह है कि मस्तिष्क किसी जीवित या मृत मानव से नहीं लिया गया है। प्रयोगशाला में विकसित मानव मस्तिष्क के ऊतकों के छोटे-छोटे या कुछ मिलीमीटर व्यास के हिस्सों को चूहे के दिमाग में प्रत्यारोपित किया गया है।

इसे स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने मानव स्टेम कोशिकाओं को ऊतक के त्रि-आयामी गुच्छों में विकसित करके तैयार किया है। ब्रेन ऑर्गेनॉइड कहे जाने वाले इन सरलीकृत दिमागी संरचनाओं में वास्तविक मानव मस्तिष्क की कुछ कोशिकाएं और गुण मौजूद हैं, जो चूहों के विकास व तंत्रिका संबंधी संरचना पर असर डाल सकते हैं। यह बड़ी कामयाबी है कि इस बार प्रयोग ने काम किया है।

# भारत जोड़ो यात्रा में जिला पंचायत सदस्य राहुल गांधी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चले

**सीहोर।** राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में सीहोर के एक युवा नेता भी शामिल हुए है। यह नेता सिर्फ शामिल ही नहीं हुए, बल्कि राहुल गांधी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर साथ चल रहे है। जानकारी के अनुसार, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के विधानसभा क्षेत्र बुधनी से जिला पंचायत सदस्य निर्वाचित बिजेंद्र उइके कई दिनों से राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में शामिल है। वह राहुल गांधी के साथ पैदल चल रहे है, इस दौरान राहुल गांधी से बात करते भी नजर आ रहे है। बिजेंद्र सीहोर जिले के इकलौते ऐसे नेता है, जो राहुल गांधी के इतने खास नजर आ रहे है। उल्लेखनीय है कि मप्र के अनेक नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में गए, लेकिन सीहोर के बिजेंद्र कुछ खास नजर आ राहे है। वो कई दिनों से यात्रा में लगातार शामिल है।



# पुलिस विभाग ने एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया



❑ **विदिशा**

विदिशा जिले में पुलिस विभाग द्वारा फिंगर प्रिन्ट एवं समंस, वारंट तामीली संबंधी कार्यो को सुगमता से अविलम्ब पूर्ण कराए जाने के उद्धेश्य से एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन पुलिस कंट्रोल रूम में रविवार को किया गया था। पुलिस अधीक्षक डॉ मोनिका शुक्ला ने प्रशिक्षणार्थियों से कहा है कि वे प्रशिक्षण में दी जाने वाली जानकारियों को भलीभांति आत्मसात करें अपनी जिज्ञासाओं का समाधान जरूर प्राप्त करें। कार्यशाला में विभिन्न न्यायालयों से 35 कोर्ट महर्रिर एवं जिले के समस्त थानो से 42 कोलेटर, कोर्ट मुंशी प्रशिक्षण में शामिल हुए। जिन्हें वारंट तामिली कार्य में त्वरित गति लाने, साक्षी के समय पर न्यायालय में उपस्थित होने अधिक से अधिक प्रकरणो में सजा आदि दिलाई जाने के संबंध में महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा थानो एवं माननीय न्यायालयों में संचालित समंस, वारंट तामिली कार्य एवं फिंगरप्रिन्ट संबंधी कार्य की गुणवत्ता में सुधार किए जाने  के संबंध में बताया गया। जिला अभियोजन अधिकारी द्वारा अभियोजन पक्ष के कार्यो में होने वाली समस्या के निराकरण एवं कोर्ट मुहर्रिर को समंस वारंट तामिली कार्य में होने वाली असुविधा आदि के बारे में बताया गया। जिला फिंगरप्रिन्ट विशेषज्ञ द्वारा उच्च गुणवत्ता के फिंगरप्रिन्ट विशेषज्ञ रिकार्ड तैयार किए जाने एवं भारत शासन की बहुउद्धेश्शीय परियोजना नेशनल ऑटोमेटेड फिंगर प्रिन्ट एनालिसिस सिस्टम के बारे में विस्तार से ब्रीफ किया गया।

# पुरानी पेंशन व वरिष्ठता बहाली को लेकर प्रांताध्यक्ष ने ली बैठक

**आष्टा।** पुरानी पेंशन व वरिष्ठता बहाली को लेकर संयुक्त संघर्ष की अलख जगाने गायत्री मंदिर परिसर आष्टा में बैठक आयोजित की गई। शासकीय शिक्षक संगठन के प्रांताध्यक्ष राकेश दुबे के नगर आगमन पर संगठन के संभाग अध्यक्ष कमल बैरागी के नेतृत्व में स्वागत किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए संगठन के प्रांताध्यक्ष राकेश दुबे ने बैठक में संयुक्त संघर्ष के प्रथम चरण में पुरानी पेंशन बहाली महाकुंभ महेश्वर में पहुंचने की अपील की गई। इस संयुक्त बैठक में ओपीएस के प्रदेश संयोजक बाबू लाल मालवीय, शासकीय शिक्षक संगठन सीहोर के जिला अध्यक्ष मुकेश कुमार कुशवाह,ब्लॉक अध्यक्ष कृपाल सिंह ठाकुर, संभागीय प्रवक्ता लखन सिंह ठाकुर, जय सिंह ठाकुर, हरिओम वर्मा, प्रदीप सोनी, मांगीलाल सिसोदिया, लखन जोमर, धन सिंह मकवाना, शंकर लाल परमार ,युवराज जैन, डीएन वर्मा, सुरेश परमार सहित सभी संघों के पधाधिकारी उपस्थित थे।

# पटवारी के साथ मारपीट होने पर पटवारी संघ ने जताया विरोध, जल्द गिरफ्तारी की मांग की

❑ **सीहोर**

सीहोर में रविवार को शाहगंज खैरीसीलगेना हल्का के पटवारी अजय गोयल को बकतरा गांव में यात्री ने मारपीट कर दी। जिसके विरोध में तहसील के पटवारी संघ ने रोष व्यक्त कर आरोपी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। फरियादी पटवारी अजय गोयल ने थाने में शिकायती आवेदन देते हुए बताया कि रविवार को अनुविभागीय अधिकारी के आदेश अनुसार ग्राम बकतरा में ड्यूटी लगाई गई थी, जिसमें हितग्राहियों को बस में बैठालकर भोपाल रवाना किया जाना था। इसी काम में लगे फरियादी पटवारी अजय गोयल का पैर बस में बैठे यात्री अमरदीप के पैर से टकरा गया बस इसी बात को लेकर आरोपी अमरदीप ने पटवारी के साथ मारपीट शुरू कर दी। अपने साथी पटवारी के साथ हुई मारपीट की घटना को लेकर तहसील के समस्त पटवारियों में आक्रोश व्याप्त है। मध्यप्रदेश पटवारी संघ ने बताया की आरोपी के विरुद्ध थाने में शिकायती आवेदन दिया, लेकिन एफआईआर दर्ज नहीं हुई। अगर शीघ्र ही आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई नहीं होती तो पटवारी संघ ज्ञापन देकर प्रदर्शन करेगा।



# जागरूकता के अभाव में कैंसर के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही



**सीहोर।** हमारे खान-पान और प्रदूषण का प्रभाव हमारे जीवन पर पड़ता है। जागरूकता के अभाव में कैंसर के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक कैंसर अब लाइलाज नहीं है। यदि समय से कैंसर का इलाज कराया जाए तो कैंसर पीड़ितों की जान बचाई जा सकती है। इसके लिए जिले में कैंसर से बचाव के लिए प्रचार-प्रसार पर जोर देने की जरूरत है। उक्त विचार लायंस क्लब सीहोर शौर्य और सिद्धपुर शहर के नेहरू कॉलोनी स्थित निजी स्कूल में कैंसर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप से लां मनोज चतुर्वेदी और स्पीकर पेडिट्रिक्स कैंसर डॉ तृप्ति सिंह आदि वक्ताओं ने कहे। कार्यक्रम में दौरान क्लब की ओर से विनीत दुबे, खुशी उपाध्याय, क्लब अध्यक्ष संतोष कमलेश अग्रवाल, डॉ ऋचा मोदी आर्य, अंकू महाजन, सीमा परिहार, कपिल जैन, आरसी मनीष सैलानी, यज्ञदत्त शर्मा आदि शामिल थे। इस दौरान ला. चतुर्वेदी ने बच्चों को स्वास्थ संबंधी कई जानकारी दी और डॉक्टर तृप्ति सिंह ने स्वस्थ आहार शैली और स्वस्थ दिनचर्या के बारे में बच्चों को समझाया और कहा कि महिलाओं को मुख कैंसर, स्तन कैंसर, फेफड़ों का कैंसर, पेट का कैंसर, सर्वाइकल कैंसर और कोलोरेक्टल कैंसर के संबंध में बताया। अचानक वजन कम होने, अधिक थकान महसूस होने, त्वचा में परिवर्तन, सूजन एनीमिया के लक्षण प्रकट होने पर योग्य चिकित्सक से जांच कराने की सलाह दी। इस अवसर पर डॉक्टर रिचा मोदी को उनकी सेवा सम्मान के लिए सम्मानित किया गया। इस शिविर में करीब डेढ़ सौ बच्चे उपस्थित थे।



















# भारत ने ऑस्ट्रेलिया को छह रन से हराया, शमी की आखिरी 4 गेंदों पर 4 विकेट गिरे

एजेंसी ■ ब्रिस्बेन

ऑस्ट्रेलिया की टीम को उसी के मैदान पर टी20 वर्ल्ड कप 2022 के वॉर्म-अप मैच में हराना आसान नहीं था, लेकिन हर्षल पटेल और मोहम्मद शमी ने मिलकर मेजबान टीम को चारों खाने चित कर दिया। 12 गेंदों में ऑस्ट्रेलिया के 6 बल्लेबाजों को पवेलियन भेजने का काम मोहम्मद शमी ने हर्षल पटेल के साथ मिलकर कर दिखाया और एक हारा हुआ मैच भारतीय टीम को जिता दिया।

ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 12 गेंदों में 16 रनों की दरकार थी और टीम के हाथ में 6 विकेट थे। कप्तान एरोन फिंच क्रीज पर थे, जो 76 रन बना चुके थे। हर्षल पटेल ने उनको 19वें ओवर की पहली गेंद पर क्लीन बोल्ड कर दिया और अगली गेंद पर विराट कोहली ने टिम डेविड को रन आउट कर दिया। इस तरह ऑस्ट्रेलिया की टीम दबाव में आ गई और शमी ने काम तमाम कर दिया। हर्षल पटेल ने 19वें ओवर में सिर्फ 5 रन खर्च किए। हर कोई देख रहा था कि भुवनेश्वर कुमार या अर्शदीप सिंह आखिरी ओवर करने आएंगे, लेकिन टीम मैनेजमेंट और कप्तान रोहित शर्मा ने मोहम्मद शमी को गेंदबाजी के लिए बुलाया, जो मैच में भारत के 13वें खिलाड़ी थे। उन्होंने आखिरी ओवर में गेंद अपने हाथ में ली और पहली गेंद पर 2 रन और अगली गेंद पर भी 2 ही रन गए। इस तरह ऑस्ट्रेलिया के हौसले बुलंद थे कि अगली चार गेंदों पर आसानी से 7 रन बनाए जा सकते हैं। पैट कमिंस ने ओवर की तीसरी गेंद पर बल्ला चलाया और गेंद बाउंड्री की ओर चली जा रही थी, लेकिन गेंद के नीचे विराट कोहली आए और उन्होंने एक हाथ से कैच पकड़ लिया। अगली गेंद पर एश्टन एगर रन आउट हुए। पांचवीं गेंद पर जोश इंगलिस और आखिरी गेंद पर शमी ने केन रिचर्डसन को बोल्ड कर ऑस्ट्रेलिया को 180 रन पर समेट दिया।



## कीवी बल्लेबाजों की द. अफ्रीका ने बजाई बैंड

आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2022 में सुपर-12 में पहले ही जगह बना चुकीं आठ टीमें इन दिनों वॉर्म-अप मैच खेल रही हैं। ग्रुप-1 की टीमों का ग्रुप-2 की टीमों के साथ वॉर्म-अप मैच हो रहा है। भारत ने ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका ने न्यूजीलैंड के खिलाफ प्रैक्टिस मैच जीता, वहीं पाकिस्तान को अपना प्रैक्टिस मैच इंग्लैंड के खिलाफ खेलना है। टी20 वर्ल्ड कप 2022 में भारत, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश ग्रुप-2 में हैं। दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों ने प्रैक्टिस मैच में जिस तरह की गेंदबाजी की, उससे पाकिस्तान और भारत के लिए भी खतरे की घंट बज गई है।

## दो दिन में दो बड़े उलटफेर, स्कॉटलैंड ने पूर्व चैंपियन वेस्टइंडीज को 42 रन से हराया

**होबार्ट।** टी20 वर्ल्ड कप में क्वालिफाइंग राउंड में होबार्ट में पहले मुकाबले में स्कॉटलैंड ने दो बार की चैंपियन वेस्टइंडीज को 42 रन से हरा दिया है। यह टूर्नामेंट का तीसरा मैच था। वेस्टइंडीज के कप्तान निकोलस पूरन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। वहीं, स्कॉटलैंड की कप्तान रिची बेरिंग्टन कर रहे थे। स्कॉटलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट गंवाकर 160 रन बनाए। जॉर्ज मुंसी ने 53 गेंदों में 66 रन की पारी खेली। जवाब में वेस्टइंडीज की टीम 18.3 ओवर में 118 रन पर सिमट गई। इससे पहले रविवार को नामीबिया ने एशियन चैंपियंस श्रीलंका को हराया था। वेस्टइंडीज और स्कॉटलैंड के बीच इस मैच से पहले एक भी टी20 मैच नहीं खेला गया था। दोनों पहली बार इस फॉर्मेट में आमने-सामने थे। स्कॉटलैंड ने पूर्व विश्व चैंपियन को चौंकाते हुए जीत दर्ज की और ग्रुप-बी में पहले स्थान पर पहुंच गई है। पहले बल्लेबाजी करते हुए स्कॉटलैंड की शुरुआत शानदार रही। मुंसी और माइकल जोन्स ने पहले विकेट के लिए 55 रन की साझेदारी निभाई। जोन्स 20 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद माइकल क्रॉस तीन रन, कप्तान बेरिंग्टन 16 रन, मैकलॉयड 23 रन और लीस्क चार रन बनाकर आउट हुए। इस बीच मुंसी ने अर्धशतक पूरा किया। वह




53 गेंदों में नौ चौके की मदद से 66 रन बनाकर नाबाद रहे। इसके अलावा क्रिस ग्रीव्स ने 11 गेंदों में 16 रन की नाबाद पारी खेली। वेस्टइंडीज की ओर से अल्जारी जोसेफ और जेसन होल्डर ने दो-दो विकेट लिए। वहीं, ओडियन स्मिथ को एक विकेट मिला। जवाब में वेस्टइंडीज की शुरुआत बेहद खराब रही। 77 रन तक टीम ने छह विकेट गंवा दिए थे। काइल मेयर्स 20 रन, एविन लुईस 14 रन, ब्रैंडन किंग 17 रन, कप्तान निकोलस पूरन चार रन, शामराह ब्रूक्स चार रन और रोवमन पॉवेल पांच रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद जेसन होल्डर ने 33 गेंदों में 38 रन की पारी खेली और वेस्टइंडीज को 100 रन के पार पहुंचाया।

# 16 साल के डोनारुम्मा गुकेश वर्ल्ड चैंपियन कार्लसन को हराने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने

एजेंसी ❑ नई दिल्ली

एमचेस रैपिड ऑनलाइन चेस टूर्नामेंट में भारत 16 साल के डोनारुम्मा गुकेश ने इतिहास रच दिया है। उन्होंने वर्ल्ड चैंपियन मैग्नस कार्लसन को हराकर रिकॉर्ड बनाया। गुकेश विश्व चैंपियन के रूप में कार्लसन को हराने वाले दुनिया के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए हैं। गुकेश ने नौवें दौर के मुकाबले में कार्लसन को हराया। इससे पहले रविवार को कार्लसन को इसी टूर्नामेंट में भारत के 19 साल के अर्जुन एरिगैसी ने भी हराया था। इस जीत के साथ 16 साल के गुकेश 12 राउंड क बाद 21 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। पहले स्थान पर पोलैंड के यान क्रिस्तोफ डूडा हैं। उनके 25 अंक हैं। वहीं, अजरबैजान के शखरियार मेमेदियारोव 23 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। गुकेश ने 29 चालों में ही वर्ल्ड चैंपियन को शिकस्त दे दी। गुकेश ने 16 साल, चार महीने और 20 दिन की उम्र में कार्लसन को हराया है। इससे पहले यह रिकॉर्ड भारत के ही आर प्रगनानंदा के नाम था। उन्होंने इस साल फरवरी में एयरथिंग्स मास्टर्स में वर्ल्ड नंबर वन कार्लसन को 16 साल, छह महीने और 10 दिन की उम्र में हराया था। तब प्रगनानंदा ने 39 चालों में जीत हासिल की थी। इस महत्वपूर्ण जीत के बाद गुकेश ने कहा- मैग्नस को हराना हमेशा खास होता है, लेकिन मुझे उस मैच में खुद का प्रदर्शन कुछ खास नहीं लगा। गुकेश को राउंड 10 में झटका लगा जब वह डूडा से हार गए, लेकिन अगले दो राउंड में मामेदयारोवा और एरिक हैनसेन को हराकर शानदार वापसी भी की। इससे पहले भारत के एरिगैसी ने कार्लसन को सातवें राउंड में हराया था। 19 साल के एरिगैसी पहले दौर में हमवतन विदित गुजराती से हार गए थे, लेकिन इसके बाद उन्होंने अच्छी वापसी की थी। एरिगैसी के पास फिलहाल गुकेश के जितने अंक (21) हैं और वह चौथे स्थान पर हैं।



# आईपीएल टीमों को 15 नवंबर तक सौंपनी होगी रिटेन खिलाड़ियों की सूची

एजेंसी ❑ नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आईपीएल के अगले सीजन के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। दिसंबर में मिनी ऑक्शन का आयोजन हो सकता है। इससे पहले आईपीएल ने फ्रेंचाइजियों को 15 नवंबर तक रिटेन किए गए खिलाड़ियों की सूची सौंपने के लिए कहा है। यह पिछली बार की तरह बड़ी नीलामी नहीं होगी। बोर्ड ने सभी फ्रेंचाइजियों से संभावित तारीखों को लेकर बात की है।

ईएसपीएन क्रिकइंफो के मुताबिक, आईपीएल ने 15 नवंबर तक रिटेन खिलाड़ियों की सूची मांगी है। बड़ी नीलामी में टीमों को ज्यादा से ज्यादा चार खिलाड़ियों को रिटेन करने की अनुमति थी, लेकिन इस बार ऐसी कोई पाबंदी नहीं होगी। मिनी ऑक्शन के लिए जगह का चयन भी अभी नहीं हुआ है। 16 दिसंबर को इसका आयोजन हो सकता है। इसके अलावा लीग की शुरुआत कब होगी इस बारे में चर्चा नहीं हुई है। माना जा रहा है कि पिछले सीजन की तरह मार्च के आखिरी हफ्ते में नए सीजन की शुरुआत हो सकती है। इस बार टूर्नामेंट होम और अवे फॉर्मेट में होगा। कोरोना काल से पहले इसी फॉर्मेट का इस्तेमाल होता है। टीमें सात मैच अपने घरेलू और सात मैच विपक्षी टीम के मैदान पर खेलेंगी। फ्रेंचाइजी के पास नीलामी में खर्च करने के लिए 95 करोड़ रुपये होंगे। यह पिछले सीजन पांच करोड़ ज्यादा है। इसका मतलब है कि हर टीम के पास कम से कम पांच करोड़ जरूर होंगे। उनके पर्स में कितने पैसे होंगे यह इस बात पर निर्भर करेगा



कि वह कितने खिलाड़ियों को निकालते हैं और कितनों को टीम में रखते हैं। नीलामी से एक हफ्ते पहले तक वह खिलाड़ियों की ट्रेडिंग भी कर सकते हैं। पिछले सीजन के लिए हुई बड़ी नीलामी के बाद पंजाब किंग्स के पास सबसे ज्यादा 3.45 करोड़ रुपये बचे थे। वहीं, लखनऊ सुपर जाएंट्स ने अपने सारे पैसे खर्च कर दिए थे। फ्रेंचाइजी के पास छोटे पर्स होने के बावजूद मिनी ऑक्शन ने अतीत में कुछ सबसे महंगे दिए हैं। 2021 की नीलामी में दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज क्रिस मॉरिस सबसे महंगे खिलाड़ी बने थे। उन्हें राजस्थान रॉयल्स ने 16.25 करोड़ रुपये में खरीदा था। यह 2015 में भारत के ऑलराउंडर युवराज सिंह के लिए दिल्ली की बोली(16 करोड़ रुपये) से 25 लाख रुपये अधिक था। पैट कमिंस को 2020 में नाइटराइडर्स से 15.5 करोड़ रुपये मिले थे। वहीं, 2017 में राइजिंग पुणे सुपरजाएंट ने बेन स्टोक्स को 14.50 करोड़ रुपये में खरीदा था।

बेन स्टोक्स के साथ इंग्लैंड टीम में उनके साथी सैम करन और ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन पर इस बार पैसे बरस सकते हैं। अगर तीनों अपना नाम नीलामी में डालते हैं तो करोड़ों कमा सकते हैं। छह फ्रेंचाइजियों ने आईपीएल 2022 के दौरान अपने चोट या अन्य कारणों से खिलाड़ियों को रिप्लेस किया था। इन टीमों को यह तय करना होगा कि रिप्लेसमेंट में आया खिलाड़ी और मूल खिलाड़ी में से किसे रखना है। अगर टीमें चाहें तो दोनों को साथ रख सकती हैं।

# पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले के लिए कितनी तैयार टीम इंडिया, क्या है भारत की कमजोरी और मजबूती?

**नई दिल्ली।** टी20 विश्व कप में भारतीय टीम का पहला मुकाबला पाकिस्तान से हैं। पिछले साल भी भारत का पहला मैच पाकिस्तान से था और टीम इंडिया को 10 विकेट से करारी हार का सामना करना पड़ा था। इसी वजह से इस बार भारतीय टीम समय से पहले ही ऑस्ट्रेलिया पहुंच गई थी और लंबे समय से वहां अभ्यास कर रही है। रोहित की कप्तानी में भारत की तैयारी पुख्ता है, लेकिन अभी भी टीम इंडिया में कुछ कमजोरियां हैं। यहां हम भारत के कमजोर और मजबूत पहलू पर बात कर रहे हैं। पिछले टी20 विश्व कप में भारतीय टीम ग्रुप स्टेज से ही बाहर हो गई थी। इसके बाद टीम इंडिया के कोच और कप्तान बदले गए थे। रोहित और द्रविड़ ने तभी से टी20 विश्व कप की तैयारी शुरू कर दी थी। इसके बाद भारतीय बल्लेबाजों ने अपना रवैया बदला और टीम इंडिया ने कोई भी टी20 सीरीज नहीं गंवाई है। अब भारतीय बल्लेबाज ज्यादा निडर होकर बल्लेबाजी कर रहे हैं और इंग्लैंड की तरह शुरुआत से ही बड़े शॉट खेल रहे हैं। हालांकि, इसकी वजह से कई मौकों पर जल्दी विकेट




भी गिरते हैं और टीम बेहद छोटे स्कोर पर सिमट जाती है।

### भारत का मजबूत पहलू

भारतीय टीम की बल्लेबाजी सबसे मजबूत पहलू है। रोहित-राहुल की सलामी जोड़ी कमाल कर रही है। मध्यक्रम में विराट और सूर्यकुमार शानदार लय में हैं। इसके बाद हार्दिक पांड्या और दिनेश कार्तिक भी अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं। अंत में अक्षर पटेल, भुवनेश्वर कुमार, हर्षल पटेल और रविचंद्रन अश्विन भी बल्ले से योगदान दे सकते हैं। भारतीय बल्लेबाजी में गहराई है और सभी बल्लेबाज तेजी से रन बनाने में माहिर हैं। ऐसे में भारत के लिए बड़ा स्कोर बनाना बेहद आसान रहेगा।

**ऑस्ट्रेलियाई पिचों पर रन बनाने में सक्षम हैं बल्लेबाज:** ऑस्ट्रेलिया की पिचों पर गेंद अच्छे उछाल के साथ बल्ले पर आती है। ऐसे में पुल, हुक और अपर कट जैसे शॉट बेहद उपयोगी साबित होते हैं। भारत की मौजूदा टीम में सभी प्रमुख बल्लेबाज इन सभी शॉट को खेलने में माहिर हैं। ऐसे में भारतीय टीम किसी भी पिच में बड़ा स्कोर खड़ा करने में माहिर है।

### लक्ष्य का पीछा किया तो जीत तय

पिछले दो साल में लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम का रिकॉर्ड शानदार है। विराट कोहली से लेकर लोकेश राहुल और सूर्यकुमार यादव तक सभी बल्लेबाज लक्ष्य का पीछा करने में माहिर हैं। हार्दिक पांड्या ने टीम में वापसी के बाद जिम्मेदारी के साथ मैच खत्म किया है।

## सूर्यकुमार यादव दूसरे स्थान पर बरकरार, राहुल और कोहली भी टॉप 15 में शामिल

**नई दिल्ली।** आईसीसी टी20 विश्व कप में सुपर 12 के मुकाबले शुरू होने से पहले खिलाड़ियों की रैंकिंग जारी कर दी गई है। बल्लेबाजों में भारत के सूर्यकुमार यादव दूसरे स्थान पर बरकरार हैं। वहीं, पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान शीर्ष पर काबिज हैं। भारत के केएल राहुल और विराट कोहली भी टॉप 15 में काबिज हैं। पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान के पास 861 रेटिंग अंक हैं। उन्होंने न्यूजीलैंड और बांग्लादेश के खिलाफ ट्राई सीरीज में अच्छी बल्लेबाजी कर अपनी स्थिति और मजबूत की है। सूर्यकुमार यादव 838 रेटिंग अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं। केएल राहुल 13वें, विराट कोहली 15वें और कप्तान रोहित शर्मा 16वें स्थान पर हैं। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम दक्षिण अफ्रीका के एडेन मार्कराम और न्यूजीलैंड के डेवोन कॉनवे से पहले तीसरे स्थान पर हैं। बल्लेबाजों की रैंकिंग में एकमात्र बदलाव दसवें स्थान पर हुआ है। न्यूजीलैंड के ग्लेन फिलिप्स ने 13 पायदान की छलांग लगाई है और 10वें स्थान पर आ गए हैं।



## भारत में आया यह बदलाव सतत विकास लक्ष्यों के लिए एक महत्वपूर्ण केस स्टडी है

# वर्ष 2005-06 से वर्ष 2019-21 के बीच भारत में गरीब लोगों की संख्या में लगभग 41.5 करोड़ की गिरावट आई

**एजेंसी ❑ नई दिल्ली**

वर्ष 2005-06 से वर्ष 2019-21 के बीच भारत में गरीब लोगों की संख्या में लगभग 415 मिलियन (41.5 करोड़) की गिरावट आई है। संयुक्त राष्ट्र संघ के अनुसार यह एक ऐतिहासिक परिवर्तन है। यह एक ऐसा प्रदर्शन है जो यह साबित करता है कि सतत विकास तहत सभी उम्र के पुरुषों, महिलाओं और बच्चों के बीच गरीबी को वर्ष 2030 आधा करने का लक्ष्य बड़े पैमाने पर भी हासिल किया जा सकता है।

संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) और ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में ऑक्सफोर्ड गरीबी विभाग और मानव विकास पहल (ओपीएचआई) की ओर से सोमवार को जारी किए गए नए बहुआयामी गरीबी सूचकांक (एमपीआई) नाम की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में 2005-06 से वर्ष 2019-21 के बीच करीब भारत में 415 मिलियन लोग गरीबी से बाहर निकल गए हैं।



संयुक्त राष्ट्र की ओर से रिपोर्ट के बारे में जारी एक प्रेस रिलीज में कहा गया है कि 15 वर्षों में भारत में 41.5 करोड़ लोगों का गरीबी के चक्रव्यूह से बाहर आना एक ऐतिहासिक बदलाव है। यूएन ने कहा है कि भारत में आया यह बदलाव सतत विकास लक्ष्यों के लिए एक महत्वपूर्ण केस स्टडी है। गरीबी को उसके सभी रूपों में समाप्त करना और सभी आयामों में गरीबी में रहने वाले सभी उम्र के पुरुषों, महिलाओं और बच्चों के अनुपात को वर्ष 2030 कम से कम आधा करने का लक्ष्य एक मिसाल की तरह है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2020 के जनसंख्या के आंकड़ों के अनुसार दुनियाभर में सबसे ज्यादा गरीब भारत में है। यहां गरीबों की संख्या 228.9 मिलियन (22.89 करोड़) है। इसके बाद नाइजीरिया का नंबर है जहां 96.7 मिलियन (9.67 करोड़) गरीब है।

प्रगति के बावजूद भारत की आबादी कोविड-19 महामारी के बढ़ते प्रभावों और खाद्य और ऊर्जा की बढ़ती कीमतों के के कारण प्रभावित हुई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कुपोषण और ऊर्जा संकट जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए से एकीकृत नीतियों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। रिपोर्ट में कहा गया है कि आंकड़ों में सुधार के बावजूद वर्ष 2019-21 में भारत में 97 मिलियन गरीब बच्चे थे, जो वैश्विक एमपीआई की ओर से कवर किए गए किसी भी अन्य देश में मौजूद संयुक्त रूप से गरीब लोगों, बच्चों और वयस्कों की कुल संख्या से अधिक थे।

बहुआयामी नीतिगत दृष्टिकोणों से पता चलता है कि एकीकृत हस्तक्षेप से लाखों लोगों के जीवन में सुधार लाया जा सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 111 देशों के 1.2 अरब लोगों में 19.1 प्रतिशत लोग भीषण बहुआयामी गरीबी से जूझ रहे हैं। इनमें से आधे लोग लाग 593 मिलियन (59 करोड़ से अधिक) 18 वर्ष से कम आयुवर्ग के बच्चे हैं।

## यात्री वाहनों का निर्यात बढ़ा, दोपहिया में नरमी, मारुति सबसे आगे

**एजेंसी ❑ नई दिल्ली**

देश का यात्री वाहनों (पीवी) का निर्यात चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में दो फीसदी बढ़कर 1,60,590 इकाई पर पहुंच गया। हालांकि, इस दौरान वाणिज्यिक,दोपहिया और तिपहिया समेत कुल वाहनों के निर्यात में गिरावट आई है। सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के मुताबिक, 2021-22 की समान अवधि में 1,57,551 यात्री वाहन निर्यात हुए थे। आंकड़ों के मुताबिक, इस दौरान वाणिज्यिक, दोपहिया और तिपहिया समेत कुल 12,54,560 वाहनों का निर्यात किया गया। पिछले साल की समान अवधि में यह आंकड़ा 14,10,711 रहा था। सियाम के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने कहा, यात्री वाहनों के निर्यात मोर्चे पर बेहतर स्थिति रही है। लेकिन, कुल वाहनों का निर्यात बेहतर नहीं रहा है।?उन्होंने कहा कि स्थानीय मुद्राओं की तुलना में डॉलर में मजबूती के साथ एशिया व लैटिन अमेरिका के विभिन्न देशों को विदेशी मुद्रा की सुरक्षा के लिए आयात प्रतिबंध लगाने के लिए मजबूर किया गया।



इसका असर भी दिखा। सियाम के मुताबिक, सितंबर तिमाही में कारों का निर्यात 5 फीसदी घटकर 97,300 इकाई रह गया। वैन के निर्यात में भी गिरावट आई है। हालांकि, यूटिलिटी वाहनों का निर्यात 16त्न बढ़कर 63,016 इकाई पहुंच गया।

## आरबीआई व सीबीआई को नोटिस

# सुब्रमण्यम स्वामी ने बैंक लोन फ्रॉड मामले में दायर की थी याचिका

**एजेंसी ❑ नई दिल्ली**



सुप्रीम कोर्ट ने भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी की ओर से दाखिल एक मामले में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ओर केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को नोटिस जारी किया है। बता दें कि सुब्रमण्यम स्वामी ने सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दाखिल कर बैंक ऋण धोखाधड़ी मामलों में आरबीआई के नामित निदेशक की कथित भूमिका की सीबीआई जांच की मांग की थी। बता दें कि भाजपा के वरिष्ठ नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने उच्चतम न्यायालय के समक्ष एक याचिका दायर कर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के अधिकारियों के खिलाफ बैंक घोटालों में कथित संलिप्तता के लिए उच्च स्तरीय जांच की मांग की की थी। उन्होंने जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) या किसी अन्य सक्षम प्राधिकारी से जांच कराने की मांग की थी। पिछले वर्ष अधिवक्ता एमआर वेंकटेश और अधिवक्ता सत्यपाल सभरवाल के माध्यम से दाखिल जनहित याचिका में कहा गया था कि पिछले कुछ वर्षों में बैंक धोखाधड़ी के कई मामले सामने आ चुके हैं, लेकिन आरबीआई के किसी भी अधिकारी को घोटालों का पता लगाने में विफल रहने के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया गया। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना की पीठ ने केंद्रीय जांच ब्यूरो और भारतीय रिजर्व बैंक को नोटिस जारी कर स्वामी की याचिका पर उनसे जवाब मांगा है। पीठ ने कहा, हम विचार करेंगे। नोटिस जारी करें। स्वामी ने याचिका में कहा, ये घोटाले आरबीआई के अधिकारियों की सक्रिय मिलीभगत के कारण हुए हैं, जो विभिन्न कानूनों के तहत पर्याप्त शक्तियों के साथ इन घोटालों को रोकने में विफल रहे हैं। वरिष्ठ भाजपा नेता ने अपनी याचिका में आरोप लगाया है कि किंगफिशर, बैंक ऑफ महाराष्ट्र और यस बैंक जैसी विभिन्न संस्थाओं से जुड़े घोटालों में आरबीआई के अधिकारियों की संलिप्तता की जांच नहीं की गई थी।

## देश में पांच साल में आसकता है 475 अरब डॉलर का एफडीआई

**एजेंसी ❑ नई दिल्ली**


सुधारों और विकास दर पर ध्यान देने से भारत पांच वर्षों में 475 अरब डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) हासिल कर सकता है। ईवाई और भारतीय उद्योग परिसंघ की रिपोर्ट के मुताबिक, 71 फीसदी बहुराष्ट्रीय कंपनियों (एमएनसी) ने अपने वैश्विक विस्तार के लिए भारत को आकर्षक निवेश गंतव्य माना। 96 फीसदी एमएनसी ने कहा कि वे लंबे समय के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था के बारे में



सकारात्मक हैं। एमएनसी ने जीएसटी, विभिन्न क्षेत्रों में डिजिटल प्रथाओं को बढ़ावा देने और कराधान में पारदर्शिता सहित अन्य सुधारों की सराहना की। ज्यादातर बहुराष्ट्रीय कंपनियों को लगता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था तीन-पांच वर्षों में बेहतर प्रदर्शन करेगी। भारत में पिछले दशक में एफडीआई में लगातार वृद्धि देखी गई है। 2021-22 में रिकॉर्ड 84.8 अरब डॉलर की एफडीआई आई थी। ईवाई इंडिया के पार्टनर (कर एवं नियामक सेवाएं) सुधीर कपाड़िया ने कहा, भारत को वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में एक उभरते हुए विनिर्माण केंद्र, बढ़ते उपभोक्ता बाजार और सरकारी-निजी क्षेत्रों के डिजिटल परिवर्तन में एक वैश्विक नेतृत्वकर्ता के रूप में देखा जा रहा है। एमएनसी को उम्मीद है कि सरकार कारोबारी सुगमता को जारी रखने के साथ मुक्त व्यापार समझौता शीघ्रता से करेगी।

## बाजार में कमजोरी होने के बावजूद मिली बढ़िया लिस्टिंग, 40% प्रीमियम पर पहुंचे शेयर

**नई दिल्ली।** निजी कंपनियों को मार्केट इंटेलिजेंस डेटा मुहैया करवाने वाली कंपनी ट्रैक्सर टेक के शेयरों की गुरुवार को शेयर बाजार में लिस्टिंग हो गई। कंपनी शेयरों ने बाजार में कमजोरी के बावजूद बढ़िया शुरुआत की है। लिस्टिंग के बाद 80 रुपये के इश्यू प्राइस के मुकाबले कंपनी के शेयर करीब 20 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 95.30 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहे हैं। इंट्रा-डे में गुरुवार को कंपनी के शेयरों के भाव 99.60 रुपये की ऊंचाई तक पहुंच गए हैं, ऐसे में शेयरों को लगभग 40 प्रतिशत का प्रीमियम हासिल हो चुका है। हालांकि बाजार में कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग 83 रुपये प्रति शेयर पर महज 3.75 प्रतिशत के प्रीमियम के साथ हुई। बता दें कि पूरी तरह से प्रमोटरों और निवेशकों की ओर से जारी किया गया 38,672,208 इक्विटी शेयरों का ऑफर-फॉर-सेल (ह्रस्र) था। ओएफएस में कंपनी के प्रमोटर्स नेहा सिंह और अभिषेक गोयल की ओर से अलग-अलग 76.62 लाख शेयरों की बिक्री की गई। वहीं, फ्लिपकार्ट के संस्थापक बिन्नी बंसल और सचिन बंसल के 12.63 लाख शेयरों की बिक्री की गई।




## सौ सबसे अमीर लोगों की कुल नेटवर्थ 80 हजार करोड़ रुपये, अदाणी सबसे अव्वल

**नई दिल्ली।** कारोना महामारी के बाद देश में मांग में वृद्धि दर्ज होने के कारण भारत ब्रिटेन को पछाड़कर दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया। इस दौरान घरेलू शेयर बाजार में पिछले वर्ष की तुलना में मामूली गिरावट रही। सबसे ज्यादा कमजोरी रुपये में दिखी, जो इस अवधि में दस प्रतिशत तक टूट गया। इन सबके बावजूद फोर्ब्स की 2022 की लिस्ट के अनुसार भारत के सौ सबसे अमीर लोगों की संपत्ति में 25 बिलियन डॉलर का इजाफा हुआ है और उनका कुल नेटवर्थ 800 बिलियन डॉलर (लगभग 80 हजार करोड़ रुपये) को पार कर गया है। भारत के अमीरों की संपत्ति में यह इजाफा मुख्य रूप से इन्फ्रास्ट्रक्चर टायकून गौतम अदाणी की संपत्ति में रिकॉर्ड वृद्धि के कारण दर्ज की गई। 2008 के बाद पहली बार भारतीय के सौ अमीरों की लिस्ट के शीर्ष नाम में बदलाव हुआ है। वर्ष 2021 में अदाणी की संपत्ति में तीन गुना इजाफा हुआ हुआ था। इस वर्ष उनकी संपत्ति दोगुनी वृद्धि के साथ 150 बिलियन डॉलर पर पहुंच गई है और वे देश के सबसे अमीर व्यक्ति बनने के साथ ही



पूरी दुनिया के दूसरे सबसे धनवान व्यक्ति बन गए हैं। डॉलर और प्रतिशत दोनों ही मापदंडों पर उनकी संपत्ति में इस वर्ष सबसे ज्यादा इजाफा हुआ है। अदाणी ने घोषणा की है कि वे अगले एक दशक में 100 बिलियन डॉलर का निवेश करेंगे, इस निवेश का 70 फीसद हिस्सा ग्रीन एनर्जी के क्षेत्र में होगा। ऑयल, गैस और टेलीकॉम क्षेत्र की दिग्गज कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के मुखिया मुकेश अंबानी लिस्ट में दूसरे नंबर हैं। उनकी संपत्ति 88 बिलियन डॉलर है, जिसमें पिछले वर्ष की तुलना में पांच प्रतिशत की कमी आई है। अदाणी और अंबानी की संपत्ति का मूल्य भारत के सौ अमीरों की लिस्ट के कुल नेट वर्थ का करीब 30 प्रतिशत है। देश के खुदरा कारोबार के किंग राधाकिशन दमानी जो डीमार्ट नाम के सुपरमार्केट चेन के मुखिया हैं, ने पहली बार देश के टॉप थ्री अमीरों की लिस्ट में जगह बनाई है। हालांकि उनकी संपत्ति में छह प्रतिशत की गिरावट आई है और यह 27.6 बिलियन डॉलर है।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। संपादक :- नागेश नरवरिया ( समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा। )